www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 18 मई 2026 कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 98 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मोदी की गारंटी से बदल रहा छत्तीसगढ़, हर वादा तेजी से हो रहा पूरा: सीएम साय

रायगढ़/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ शहर में विकसित 'सिंदूर पार्क' का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्क केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि रायगढ़वासियों के लिए स्वच्छ वातावरण, मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंदूर पार्क रायगढ़वासियों के लिए एक सुंदर और आधुनिक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया गया है। यहां बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि कभी अव्यवस्थित रहने वाला यह क्षेत्र अब शहर का आकर्षण बन गया है। पार्क में चौपाटी, मनोरंजन क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था, सामाजिक गतिविधियों के लिए स्थान और हरियाली विकसित की गई है, जिससे लोगों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर सार्वजनिक सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए वित्त मंत्री एवं स्थानीय विधायक ओपी चौधरी की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ रायगढ़वासियों को मिली नई सौगात, सीएम ने 'सिंदूर पार्क' का किया लोकार्पण

■ हरियाली, पर्यटन और आधुनिक सौंदर्य का अनूठा संगम बनेगा सिंदूर पार्क

■ 450 पेड़ों वाले अर्बन फॉरेस्ट से पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी नई दिशा: सीएम

जनता से किए वादों को पूरा कर रही सरकार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार जनता से किए गए हर वादे को तेजी से पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में किए गए वादों को 'मोदी की गारंटी' के रूप में जनता के सामने रखा गया था और सरकार उन सभी गारंटियों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी' और सरकार बिना किसी देरी के योजनाओं को धरातल पर उतार रही है।

सुशासन तिहार: जनता तक पहुंच रही सरकार

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसके तहत सरकार गांव-गांव पहुंचकर आम जनता की समस्याएं सुन रही है और योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन कर रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि गांवों में चौपाल लगाकर लोगों से सीधे संवाद कर रहे हैं, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

विकास कार्य रॉकेट की गति से' आगे बढ़ रहे

वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ शहर में जहां-जहां बेहतर विकास कार्य किए जा सकते हैं, वहां सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और आशीर्वाद में रायगढ़ के विकास कार्य रॉकेट की गति से' आगे बढ़ रहे हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जिस स्थान पर आज सिंदूर पार्क बना है, वहां पहले गंदगी, अव्यवस्था और असामाजिक गतिविधियों की स्थिति बनी रहती थी।

आज बेबाक

बकरे की अम्मा आखिर कब तक खैर मनाती? ईरान - अमेरिका के बीच जंग का असर आखिरकार भारत पर भी पड़ ही गया। रसोई गैस की किल्लत के बाद अब पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ गए। जाहिर है इसकी वजह से महंगाई और परवान चढ़ेगी जो आम आदमी का जीना मुहाल करेगी। अब फिर घर-घर यह गाना गुनगुनाया जाएगा कि - सखी सैंया तो खूब ही कमात हैं, महंगाई डायन खाए जाते है...। इस बढ़ौतरी पर हाय तौबा मचाने वालों पर सटीक बेठता है ये शेर - इब्तिदा -ए - इश्क़ है रोता है क्या, आगे आगे देख होता है क्या।

तापमान	
अधिकतम 44°	न्यूनतम 27°
बाजार भाव	
गोल्ड 1,51,140	सिल्वर 2,54,798
शेयर बाजार	
संसेक्स 77,328.19	निफ्टी 24,176.15
विश्व जनसंख्या	**भारत जनसंख्या**
8,291,743,121	1,474,975,253

शाह का बस्तर दौरा: चलित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में होंगे शामिल

केंद्रीय गृह मंत्री शाह करेंगे नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक आधुनिक, त्वरित एवं नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 इंटीग्रेटेड इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस 2.0) का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 18 मई को किया जाएगा। इस अवसर पर चलित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी एवं 400 अत्याधुनिक डायल 112 वाहन का भी शुभारंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों के तहत प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। नेक्स्ट जेन सीजी डायल 112 प्रदेश में तकनीक आधारित सुशासन की दिशा में एक अभिनव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर पहुंचे गृहमंत्री शाह, सीएम ने किया स्वागत

आज जगदलपुर में लेंगे बैठक, भाजपा नेताओं से मिलेंगे

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 17, 18 और 19 मई को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। रविवार रात 8:15 बजे वे रायपुर पहुंचे। शाह रात को रायपुर में रुकेंगे। एयरपोर्ट से वे सीधे मेफेयर रिसॉर्ट के लिए रवाना हुए। शाह के दौरे के दौरान रायपुर और बस्तर संभाग में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, अमित शाह कल नेतानार जाएंगे और जगदलपुर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक लेंगे। इसके अलावा डायल-112 के 400 वाहन रवाना करेंगे। इस दौरान उनका फोकस सुरक्षा व्यवस्था, बस्तर में विकास कार्यों की समीक्षा, जनसुविधाओं के विस्तार और मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक पर रहेगा। खास बात यह है कि इस दौरे में सुरक्षा और विकास के बीच संतुलन बनाने की कोशिश नजर आएगी। डायल-112 सेवा के विस्तार से लेकर बस्तर में जन सुविधा केंद्र के उद्घाटन, फॉरेंसिक यूनिट्स और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि तक कार्यक्रमों की पूरी श्रृंखला इसी दिशा में तैयार की गई है।

बस्तर में बदलाव की नई बयार

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर का वह सुदूर वनांचल, जहां कभी सन्नाटा और दहशत का पहरा हुआ करता था, आज खुशहाली की एक नई इबारत लिख रहा है। बस्तर जिले के दरभा विकासखंड का कोलेंग क्षेत्र, जो दशकों तक माओवादी गतिविधियों के कारण विकास की दौड़ में पिछड़ गया था, अब अपनी एक नई और सकारात्मक पहचान गढ़ रहा है। कभी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसता यह इलाका अब सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं से लैस होकर विकास की मुख्यधारा में मजबूती से कदम रख चुका है। जो ग्रामीण कभी बुनियादी सुविधाओं और शासकीय योजनाओं से पूरी तरह महरूम थे, वे अब सीधे शासन-प्रशासन के संपर्क में हैं और विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। एक समय था जब बारिश के दिनों में कोलेंग और उसके आसपास के गाँव पूरी तरह टापू बन जाते थे और ग्रामीणों को आवागमन के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन

आज यहाँ की स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। जगदलपुर से लेकर कोलेंग, चांदामेटा, छिंदगुर, काचीरास, सरगीपाल और कान्दानार जैसे दुर्गम गांवों तक बारहमासी पक्की सड़कों का जाल बिछ जाने से न केवल आवाजाही सुगम हुई है, बल्कि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी आपातकालीन सेवाएं भी अब ग्रामीणों की चौखट तक पहुंच चुकी हैं। कोलेंग के सरपंच लालूराम नाग इस बदलाव को ऐतिहासिक मानते हुए कहते हैं कि पहले यह क्षेत्र बाहरी दुनिया से पूरी तरह कटा हुआ था, लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में माओवाद की समस्या कम होने और शासन की सक्रियता से ग्रामीणों के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पांच लाख रुपए रिश्वत मांगने वाले छत्तीसगढ़ के 2 खिलाड़ी गिरफ्तार

■ **अनफीट से फीट कर देंगे कहकर कैंडिडेट से पैसे मांगे, सीबीआई ने पकड़ा**

भिलाई/नवप्रदेश। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने छत्तीसगढ़ के 2 खिलाड़ियों को गिरफ्तार किया है। दोनों स्पोर्ट्स कोटे से रेलवे में जॉब कर रहे हैं। इनमें इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग रेफरी बी. राजशेखर राव और वेटलिफ्टर राजलक्ष्मी शामिल हैं।

सीबीआई के मुताबिक, आरोपियों ने एक कैंडिडेट से 5 लाख रिश्वत मांगी थी। मेडिकल परीक्षण के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अब जानिए पूरा मामला

सीबीआई के मुताबिक, रायपुर रेल मंडल में स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती निकाली गई थी। एक अभ्यर्थी ने आवेदन किया। लिखित परीक्षा के साथ फिजिकल टेस्ट पूरा हो चुका है। इन दोनों ही परीक्षाओं में अभ्यर्थी पास हो चुका था और उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाना बाकी था। भिलाई में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता बी. राजशेखर राव और सीसी-टीसी राजलक्ष्मी ने अभ्यर्थी से संपर्क किया था।

त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के रतलाम में रविवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया। त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच में अचानक भीषण आग लग गई। चलती ट्रेन में धुआं और लपटें देख यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और लोगों के बीच अचानक से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। असल में अब इस घटना के

कारण दिल्ली-मुंबई का व्यस्त रेल मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। बड़ी बात ये है कि समय रहते बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। फिलहाल रेलवे की टीमें आग लगने के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कार ने कुचला, सड़क पर तड़पकर 2 युवकों ने तोड़ा दम

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में तेज रफ्तार कार ने रेड सिग्नल पर खड़ी 2 बाइकों को कुचल दिया। हादसे में नाबालिग समेत 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसका निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। बाइक सवार एसी बनाने का काम करते हैं, वे कहीं रिपेयर के काम से जा रहे थे। रेड सिग्नल पर खड़े थे, तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से आकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दूर गिरे युवक सड़क पर तड़प रहे थे। गाड़ियों के परखच्चे भी उड़ गए थे। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार ड्राइवर सागर जायसवाल को हिरासत में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, दो अलग-अलग बाइक और स्कूटी पर 3 लोग सवार थे। वो सुपेला से पावर हाउस की तरफ जाते समय चंद्रामौर्या चौक पर रेड सिग्नल पर खड़े थे।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सीजेआई की मौजूदगी जरूरी नहीं: केंद्र सरकार

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि संविधान के तहत चुनाव आयोग की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व अनिवार्य नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि चयन समिति में न्यायपालिका के सदस्य को शामिल करना 'विधायी निर्णय' हो सकता है, लेकिन यह कोई 'संवैधानिक बाध्यता' नहीं है।

केंद्र ने यह दलील मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दाखिल प्रति-हलफनामे में दी है। 2 जनवरी 2024 से

लागू इस कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है।

समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं। नए कानून में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है।

केंद्र ने हलफनामे में कहा कि संविधान में कहीं भी चुनाव आयोग की नियुक्ति समिति में न्यायिक प्रतिनिधित्व का प्रविधान अनिवार्य नहीं किया गया है। सरकार के अनुसार, यह कहना कि नियुक्तियों की वैधता के लिए न्यायपालिका की भागीदारी जरूरी है, शक्तियों के पृथक्करण और संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत संसद की भूमिका की गलत व्याख्या है। सरकार ने कहा कि चुनाव आयोग की वास्तविक स्वतंत्रता उसके संवैधानिक दर्जे, सुरक्षित कार्यकाल, हटाने संबंधी सुरक्षा उपायों तथा वेतन और कार्यों के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

16 साल से भटक रहे किसान, अब जागी उम्मीद

■ **नवप्रदेश की खबर का कतरन लगाकर जिला प्रशासन ने तहसीलदार को दिया आदेश**

राजिम/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के राजिम के समीप कोपरा-भेण्ड्री मार्ग पर किसानों की जमीन अधिग्रहित कर सरकार ने सड़क तो बना दी, करोड़ों के विकास के दावे भी कर दिए, लेकिन जिन किसानों की जमीन गई, उन्हें आज तक पूरा न्याय नहीं मिल पाया।

हैरानी की बात यह है कि सड़क निर्माण के 16 साल बाद भी प्रभावित किसानों की जमीन का राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं किया गया। 'नवप्रदेश' में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में जरूर आया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरियाबंद ने खबर की कतरन संलग्न करते हुए तहसीलदार राजिम को रिकॉर्ड दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं, जिससे किसानों में आस जगी है। एक साल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

15 साल बाद भी अभिलेख में सुधार नहीं, सुशासन तिहार में लगाई गुहार

नव प्रदेश खबर का असर

किसान दफ्तरों के चक्कर काटते थक चुके

पीड़ित किसान वर्षों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। मीनाक्षी देवी साहू, संतूराम साहू, मनोहर साहू, चमेली बाई, जगतूराम ध्रुव, वसुचंद साहू, कोमल साहू, सरोज बाई, जानकी देवी साहू और पुनारद यादव सहित कई किसानों ने 13 मई 2025 को सुरसा बांधा में आयोजित सुशासन समाधान शिविर में संयुक्त आवेदन देकर अपनी पीड़ा प्रशासन के सामने रखी थी।

अफसर सुशासन तिहार का मजाक बना रहे

भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने राजस्व विभाग पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कई बार अधिकारियों को मौखिक निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन मातहत अमला खुलेआम आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विष्णुदेव साय सरकार की महत्वाकांक्षी 'सुशासन तिहार' योजना का राजस्व विभाग मजाक बनाकर रख दिया है। किसानों की अधिग्रहित जमीन का रिकॉर्ड 17 साल तक लंबित रखना सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि घोर अकर्मण्यता और कामचोरी का जीता-जागता उदाहरण है।

खेल : भारत-जिम्बाब्वे टी-20 सीरीज की मेजबानी करेगा छत्तीसगढ़, 16, 18 और 20 अक्टूबर को होंगे मैच

रायपुर में पहली बार दिखेगा महिला क्रिकेट का रोमांच

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बड़े मंच पर नजर आने वाला है। इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबलों की मेजबानी के बाद अब राजधानी रायपुर को महिला टी20 इंटरनेशनल सीरीज आयोजित करने का मौका मिला है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने भारत और जिम्बाब्वे महिला टीम के बीच होने वाली टी20 सीरीज का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह पहली बार होगा जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम रायपुर में कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी, इससे प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सीरीज के तीनों मैच राजधानी रायपुर में आयोजित किए जाएंगे, जहां दर्शकों को महिला क्रिकेट का रोमांच करीब से देखने का मौका मिलेगा।

भारत और जिम्बाब्वे महिला टीम के बीच टी20 सीरीज के मुकाबले 16, 18 और 20 अक्टूबर को खेले जाएंगे। तीनों मैच रायपुर में आयोजित होंगे। वहीं जिम्बाब्वे महिला टीम का यह पहला भारत दौरा भी माना जा रहा है, जिससे इस सीरीज का महत्व और बढ़ गया है।

खेल जगत के लिए बड़ी उपलब्धि

रायपुर को लगातार बड़े क्रिकेट आयोजनों की मेजबानी मिलने से छत्तीसगढ़ की पहचान खेल हब के रूप में मजबूत हो रही है। माना जा रहा है कि इस अंतरराष्ट्रीय सीरीज से प्रदेश में महिला क्रिकेट को भी नई पहचान और बढ़ावा मिलेगा। महिला टी20 इंटरनेशनल सीरीज छत्तीसगढ़ की खेल क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है।

गरमा-गरम

वकीलों की सुरक्षा भगवान भरोसे कानून व्यवस्था चिंताजनक: महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रायगढ़ जिला बार एसोसिएशन द्वारा वकीलों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे आंदोलन और उनकी सभी न्यायसंगत मांगों का पूर्ण समर्थन किया है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की चरमराती कानून-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया।

डॉ. चरणदास महंत ने कहा, यह बेहद शर्मनाक और विचलित करने वाली विडंबना है कि जब समाज को न्याय दिलाने और कानून की लड़ाई लड़ने वाले

वकील ही इस राज्य में सुरक्षित नहीं हैं, तो प्रदेश की आम जनता अपनी सुरक्षा की उम्मीद आखिर किससे करे?

सरकार की प्रशासनिक विफलता पर कड़ा प्रहार करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस संभाग और जिले से स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री और सरकार के कई रसूखदार मंत्री आते हैं, ■ शेष पृष्ठ 8 पर


बस्तर में
विकास
एवं समृद्धि का मार्ग
प्रशस्त करने वाले
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
श्री अमित
शाह जी
का
सशस्त्र नक्सल आतंक के
खात्मे के बाद
प्रथम बस्तर आगमन पर
हार्दिक
स्वागत है
18 मई 2026 | बस्तर, छत्तीसगढ़
छ.ग. डायल - 112
(Phase 2 - Next Gen)
का शुभारंभ
सुबह 10:30 बजे
पी. टी. एस. माना (रायपुर)
जन सुविधा केंद्र
का शुभारंभ
दोपहर 12:00 बजे
नेतानार (बस्तर)
शहीदों को
श्रद्धांजलि
दोपहर 1:30 बजे
अमर वाटिका, जगदलपुर (बस्तर)
शहीदों के परिजनों, सुरक्षा बलों,
नक्सल पीड़ितों और समाज प्रमुखों
से मुलाकात एवं चर्चा
दोपहर 2:00 बजे
बादल अकादमी, जगदलपुर (बस्तर)
S- 47837
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

ग्रीन आर्मी का 13 सप्ताह से लगातार महाअभियान जारी

■ बढ़ते जोश के साथ गदही तालाब बचाने उमड़ रहा जनसैलाब

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन द्वारा गदही तालाब में विगत 13 सप्ताह से लगातार जनसहभागिता के साथ सफाई एवं श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। आज आयोजित अभियान में लगभग 70 लोगों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर तालाब संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। समय बीतने के साथ लोगों का जोश, जनसमर्थन एवं सहभागिता लगातार बढ़ती जा रही है। अब यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहकर जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है, जिसमें हर वर्ग के लोग स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं।

अभियान के दौरान अब तक तालाब परिसर में गार्डन की सफाई, पचरी एवं पाथवे की सफाई, पाउच-पन्नी-पॉलीथिन हटाना, हनुमान मंदिर परिसर एवं आसपास की झाड़ियों की सफाई, कंटीली झाड़ियों को हटाना, तालाब में गिरे पेड़ों को निकालना,

स्ट्रीट लाइट चालू करवाना एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु खंभे लगाए जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

सफाई अभियान के दौरान तालाब क्षेत्र से गद्दा, तकिया, साड़ी, पूजन सामग्री, दवाई की स्ट्रिप, इंजेक्शन सामग्री, मेडिकल कचरा, कांच, कील, डिस्पोजल, थर्माकोल एवं अन्य जहरीली एवं नुकसानदायक सामग्री बड़ी मात्रा में निकाली गई। यह दृश्य इस बात का प्रमाण है कि यदि समाज जागरूक न हो तो जलस्रोत किस प्रकार धीरे-धीरे प्रदूषण एवं अव्यवस्था की चपेट में आ जाते हैं। ग्रीन आर्मी द्वारा लगातार डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों को तालाब संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा पम्पलेट वितरण कर जनभागीदारी बढ़ाई जा रही है। अभियान में मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वर्षों बाद तालाब परिसर में ऐसा सकारात्मक परिवर्तन एवं सामाजिक एकजुटता देखने को मिल रही है।

आज के अभियान में संस्था के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री अमिताभ दुबे जी, स्थानीय पार्षद श्री महेंद्र औसर जी सहित डीडीयू नगर जोन, पुरानी बस्ती जोन, टाटीबंध जोन, ब्राह्मणपारा जोन एवं अमलेश्वर जोन सहित ग्रीन आर्मी के विभिन्न जोनों के सदस्यों ने श्रमदान किया।

रायपुरा जोन अध्यक्ष श्री सुबोध कांत निषाद एवं सचिव श्री मेघराज हरिनखेड़े सचिव श्री मनीष शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण टीम लगातार सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य कर रही है। संगठन शक्ति निरंतर मजबूत होती जा रही है तथा प्रत्येक सप्ताह नए लोग इस मुहिम से जुड़ रहे हैं। स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम का सहयोग भी लगातार प्राप्त हो रहा है। आज भी नगर निगम द्वारा 5 कर्मचारियों को सफाई कार्य हेतु भेजा गया।ग्रीन आर्मी ने आमजन से अपील की है कि तालाब संरक्षण केवल एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। यदि आज जलस्रोतों को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट एवं पर्यावरणीय समस्याओं का गंभीर सामना करना पड़ेगा।

न्यूज गैलरी

विवाह वर्षगांठ पर रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। रिद्धि सिद्धि फेस टू निवासी थंगेश्वर कुमार साहू ,व्याख्याता ने अपने 16 वें विवाह वर्षगांठ पर निःस्वार्थ भाव से पांचवीं बार रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया । उन्होंने बताया कि रक्तदान एक मानवता से भरा कार्य है , जिसमें कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपने रक्त का एक हिस्सा दूसरों की जान बचाने के लिए दान करता है। यह एक निःस्वार्थ सेवा है जो जीवन दान के रूप में काम करती है।रक्तदान सेवा रोगियों की मदद के साथ साथ यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है । रक्त की एक-एक बूंद जो जीवन का संदेश है, जो किसी भलामानुष के काम आ जाए यही मानवता का असली संदेश है । यह रक्तदान शिविर मां कर्मा एवं मां भानेश्वरी जयंती के अवसर पर साहू सदन राजनांदगांव में रखा गया था । इस शिविर में जिला अध्यक्ष भागवत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, यशवंत साहू, परदेशी राम साहू, पूर्णिमा साहू, मदन साहू, नीरा साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू एवं समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों के द्वारा थंगेश्वर कुमार साहू जी को रक्तदान महादान करने पर हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया ।

भोरमदेव पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका, पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज ऐतिहासिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र भोरमदेव पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्यपाल श्री डेका ने भोरमदेव मंदिर की स्थापत्य कला, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि भोरमदेव केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लगभग 146 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रहा भोरमदेव कॉरिडोर इस क्षेत्र के पर्यटन और समग्र विकास को नई पहचान देगा।

डॉ. अभिमन्युस आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक का भिलाई में शानदार उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की आयुर्वेद चिकित्सा में अग्रणी संस्था डॉ.अभिमन्युस आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए भिलाई के नेहरू नगर (ईस्ट) में नई मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक खोल ली है। इस नई शाखा का उद्घाटन॰ड्ड्स॥ विभाग, छत्तीसगढ़ के संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास के करकमलों से किया गया। ?समारोह में डॉ. अभिमन्यु साहू, संस्थापक एवं निदेशक ने कहा, ÷रायपुर में सफल 20 बेडेड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के बाद भिलाई के मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह नई क्लिनिक शुरू की गई है। हमारा उद्देश्य प्राचीन आयुर्वेद की जड़ों पर आधारित, आधुनिक सुविधाओं वाली चिकित्सा उपलब्ध कराना है, खासकर जोड़ों के दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका, न्यूरोलॉजिकल समस्याओं और पुरानी बीमारियों के रूट कारण का इलाज।डॉ. सुनील दास ने उद्घाटन के अवसर पर आयुर्वेद को बढ़ावा देने की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास छत्तीसगढ़ में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने डॉ. अभिममन्यु की टीम की सराहना करते हुए भविष्य में और सहयोग का आश्वासन दिया।

उर्वरक की कमी से खरीफ के सीजन में संकट आने वाला है : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश प्रदेश में अभी तक उर्वरको का पर्याप्त भंडारण नहीं होने से खरीफके सीजन में संकट आने वाला है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि उर्वरको की उपलब्धता पर सरकार अपनी चुप्पी तोड़े। सभी समाचार पत्र खबरे छप रहे कि खरीफसीजन के पहले उर्वरकों की कमी होने वाली है, लेकिन सरकार इस विषय पर कोई भी ठोस बात किसानों के सामने नहीं रख रही है। इसमें किसान परेशान है। पिछले वर्ष उर्वरकों की कमी को झेल चुके किसान सरकार के मौन के कारण विचलित हो रहे है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में कुल 2058 सहकारी समितियां है, जिनकी भंडारण क्षमता 4,84,665 मीट्रिक टन है। वहीं खरीफसीजन के लिये कुल लक्ष्य 15 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा- दिव्यांशु ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर रायगढ़, छत्तीसगढ़ और देश को किया गौरवान्वित

सुशासन तिहार में रायगढ़ पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दिव्यांशु को किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अवसर पर रायगढ़ प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दिव्यांशु देवांगन को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांशु को मेडल पहनाकर तथा पुरस्कार भेंट कर उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

दिव्यांशु देवांगन ने मिस्र की राजधानी कायरो में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इतना ही नहीं, उन्होंने विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर रायगढ़, छत्तीसगढ़ और पूरे देश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे प्रदेश में खुशी और गर्व का माहौल है।

मुख्यमंत्री ने दिव्यांशु की माता-पिता और दादी से भी मुलाकात की तथा दिव्यांशु की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांशु की उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांशु ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी विश्व मंच पर देश का नाम रोशन कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को हर संभव प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने भी दिव्यांशु देवांगन को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर छत्तीसगढ़ का नाम देश और विदेश में ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांशु जैसे खिलाड़ी प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनकी उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

दिव्यांशु देवांगन की इस उपलब्धि को रायगढ़ जिले के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। कायरो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुनिया के कई देशों के प्रतिभागियों के बीच दिव्यांशु ने अद्भुत एकाग्रता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। उनके प्रदर्शन ने न केवल भारत को शीर्ष स्थान दिलाया, बल्कि नया विश्व रिकॉर्ड बनाकर इतिहास भी रच दिया। दिव्यांशु की सफलता से युवा खिलाड़ियों में नई प्रेरणा जागी है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के खेल परिदृश्य को नई पहचान देगी। रायगढ़ सहित पूरे प्रदेश में दिव्यांशु को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। रायगढ़ के इस होनहार खिलाड़ी की सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

अमित शाह बताये मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक वर्चुअल क्यों नहीं किया गया: दीपक बैज

मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक बस्तर में बुलाना भारतीय जनता पार्टी का पॉलिटिकल प्रोपोगंडा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश से आह्वान कर रहे है कि वर्कफ्राम होम करे पेट्रोल-डीजल बचाये, उनके ही गृहमंत्री मुख्यमंत्री उनकी बात का माखौल उड़ा रहे, मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक वर्चुअल क्यों नहीं किया जबकि सभी मुख्यमंत्री सचिवालय तथा गृह मंत्रालय के पास वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध है। मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, चार राज्यों के मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि बस्तर आयेंगे। सब अलग-अलग विशेष विमान से आयेंगे, लाखों रू. खर्च होगा, डीजल-पेट्रोल तथा विमान का ईंधन खर्च होगा। यह बैठक तो वर्चुअल हो सकती।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक बस्तर में बुलाना भारतीय जनता पार्टी का पॉलिटिकल प्रोपोगंडा है। केन्द्र से लेकर राज्य सरकार तक के दावा किया था, 31 मार्च के बाद नक्सलवाद समाप्त हो गया है। कांकेर में पिछले हफ्ते हमारे 4 जवान शहीद हुये, वीर गति को प्राप्त हुये। उसके बाद भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार राजनैतिक प्रोपोगंडा करना बंद नहीं की है। मध्यक्षेत्र की बैठक पहली बार बस्तर में करवाने पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। मध्यक्षेत्र परिषद की बैठक बस्तर ले जाकर साबित करना चाहते है हमने यहां पर सारी चीजे सही कर दिया है। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पिछले हफ्ते हमारे 4 जवान शहीद हुये है। मध्यक्षेत्र की बैठक को बस्तर में करने का दूसरा उद्देश्य है कि वहां पर अडानी के लिये रेड कॉरपोरेट बिछाना चाहते है।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक सुभाष चन्द्र ने जशपुर में वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

रायपुर / नवप्रदेश। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक श्री सुभाष चन्द्र ने जशपुर में वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक श्री सुभाष चन्द्र ने जशपुर में वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केंद्र का किया निरीक्षणराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली के विशेष प्रतिवेदक श्री सुभाष चन्द्र द्वारा जशपुर जिले में संचालित वृद्धाश्रम एवं नशामुक्ति केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं, सुविधाओं एवं सेवाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा पुनर्वास संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।विशेष प्रतिवेदक श्री सुभाष चन्द्र ने नशामुक्ति केंद्र में उपचाररत हितग्राहियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित दिनचर्या, मानसिक संतुलन और सामाजिक सहभागिता व्यक्ति को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

छत्तीसगढ़ दवा व्यापारी संगठनों के आह्वान पर कैट का नैतिक समर्थन

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने

संयुक्त रूप से बताया कि छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा 20 मई को प्रस्तावित मेडिकल व्यापार बंद के समर्थन एवं ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते प्रभाव, ई-कॉमर्स कंपनियों की भारी डिस्काउंट संस्कृति तथा पारंपरिक व्यापार पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को लेकर आज बाप्ज् छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने व्यापक एकजुटता का परिचय दिया।

गरीब बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी निजी स्कूल संघ ने बदला फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार कानून को लेकर चल रहा निजी स्कूलों का असहयोग आंदोलन अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। लंबे समय से सरकार के खिलाफमोर्चा खोले बैठे निजी स्कूल संचालकों ने गरीब और वंचित बच्चों के हित को देखते हुए बड़ा और संवेदनशील फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने घोषणा की है कि 18 मई से प्रदेश के सभी निजी स्कूल फिर से ऋञ्जश्व के तहत प्रवेश देना शुरू करेंगे, ताकि किसी भी गरीब बच्चे की पढ़ाई प्रभावित न हो।

पहले प्रवेश रोकने का लिया था फैसला-निजी स्कूलों ने 1 मार्च से असहयोग आंदोलन शुरू किया था, इसके बाद 4 अप्रैल को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में स्कूल संचालकों ने सरकार की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ऋञ्जश्व के तहत नए प्रवेश नहीं लेने का निर्णय किया था।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान

जशपुर के सेंदरीमुंडा के बैशाखूपारा में हैंडपंप खनन से ग्रामीणों को मिली स्वच्छ पेयजल की सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील नेतृत्व और त्वरित प्रशासनिक कार्यशैली के परिणामस्वरूप जशपुर जिले के ग्राम पंचायत सेंदरीमुंडा के वार्ड क्रमांक 7 बैशाखूपारा की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान हो

गया है। हैंडपंप खनन के बाद अब ग्रामीणों को घर के समीप ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।बैशाखूपारा के निवासियों को लंबे समय से पेयजल के लिए दूरस्थ जलस्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को गर्मी के मौसम में पानी लाने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

समस्या के स्थायी समाधान के लिए श्री उमेश यादव, श्री संतोष देहरी एवं अन्य ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर हैंडपंप खनन की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर संबंधित विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैशाखूपारा में हैंडपंप खनन कार्य पूर्ण कराया।

जल संसाधन विभाग के इंजीनियर पर बड़ी कार्रवाई, तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

वाहन चालक से अभद्र भाषा में बातचीत पड़ा महंगा

रायपुर/नवप्रदेश। हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर के कार्यपालन इंजीनियर शशांक सिंह को अधीनस्थ वाहन चालक से अभद्र बातचीत और वरिष्ठ अधिकारियों पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के वायरल ऑडियो के आधार पर जल संसाधन विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद प्रशासन ने जांच कर कड़ी कार्रवाई की है।

गाली-गलौज का ऑडियो वायरल

12 मई 2026 को कार्यपालन अभियंता और वाहन

चालक शशिकांत साहू के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें अभियंता द्वारा अत्यंत अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए चालक को अपमानित करने और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने की बात सामने आई थी।

अभियंता शशांक सिंह को निलंबित, जांच रिपोर्ट में पुष्टि

जिले के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने दोनों पक्षों के बयान लेकर जांच की। रिपोर्ट में स्पष्ट पाया गया कि अभियंता द्वारा अमर्यादित और अनुशासनहीन व्यवहार प्रदर्शित किया गया, जिससे प्रशासनिक छवि प्रभावित हुई।

तत्काल प्रभाव से निलंबन के आदेश

राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 और सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत पहली नजर में दोषी पाए जाने पर अभियंता को निलंबित करने का आदेश जारी किया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नवा रायपुर निर्धारित किया गया है। वहीं, नियमों के अनुसार निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

सुशासन तिहार में हेलीकाफ्टर उड़ रहे हैं, भीड़ लाने गाड़ियों में डीजल-पेट्रोल फूंका जा रहा, क्या यही मितव्ययिता है: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के मितव्ययिता के आदेश को ढोंग करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार जब मितव्ययिता की बात कर रही है पेट्रोल, डीजल बचाने शासकीय कर्मचारियों को वर्क फार्म होम का निर्देश दे रही है। आम जनता से पेट्रोल, डीजल का कम उपयोग करने अपील कर रही है। सरकार के मंत्री अपने काफिले के वाहन में कमी का दावा कर रहे है। साइकिल चलाकर रील बना रहे है। ऐसे में सुशासन तिहार पर रोक क्यों नहीं लगाई जा रही है? सुशासन तिहार के नाम से रोज हेलीकॉप्टर उड़ाये जा रहे है। भीड़ लाने एवं अधिकारियों के तिहार में

पहुँचने गाड़ियों में जो हजारों लीटर डीजल, पेट्रोल फूंके जा रहे है इस पर रोक क्यों नहीं लगाई जा रही है? सरकार के कथनी एवं करनी में अंतर है। जनता पेट्रोल, डीजल के लिए आधी रात से लाईन लग रही है। पेट्रोल पंप के बाहर नो स्टॉक का बोर्ड लगा है। सरकार तिहार मना रही है।

सुविचार

जिंदगी में कुछ सीखो या न सीखो लोगों को पहचानना जरूर सीखो क्योंकि लोग वैसे होते नहीं जैसे दिखते हैं।

पेट्रोलियम पदार्थों के मुल्य में वृद्धि

आखिरकार भारत में भी पेट्रोलियम पदार्थों के मुल्य में वृद्धि की नौबत आ ही गई। ईरान और अमेरिका के बीच पिछले 45 दिनों से चल रही तनातनी के कारण आधी दुनिया में तेल और गैस का संकट विकट रूप धारण कर चुका है लेकिन भारत में हालात काबू में रहे थे। लेकिन अब सरकार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में तीन रूपय लीटर तथा सीएनजी में दो रूपये की वृद्धि करनी पड़ गई। इस मूल्य वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा और पहले से ही आसमान पर चढ़ी महंगाई और परवान चढ़ेगी। हालांकि पेट्रोल और डीजल के मूल्य में सिर्फ तीन रूपये की वृद्धि की गई है लेकिन यह वृद्धि भी महंगाई की आग को भड़काएगी। पहले ही महंगाई में आम आदमी का जीना मुहाल कर रखा है और अब यात्री किराया तथा माल भाड़ा बढ़ जाने के कारण दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम भी आसमसन छुने लगेंगे। इसका तत्काल प्रभाव भी पड़ना शुरू हो गया है। दैनिक उपभोग की चीजों सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि होने लगी है। आगे चलकर हालात और भी खराब हो सकते हैं। सरकार को दाम बांधने के लिए तत्काल प्रभाव से कड़े कदम उठाने होंगे अन्यथा जमाखोर और मुनाफाखोर आपदा की इस घड़ी में अपने लिए अवसर तलाश लेंगे। केन्द्र सरकार के इस निर्णय को जनविरोधी करार देते हुए विपक्ष ने पेट्रोलियम पदार्थों के मुल्य में की गई वृद्धि की आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि महंगाई में नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता पर हंटर चलाया है और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म होते ही उसमें हुए खर्च की वसूली के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिये हैं। अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है किन्तु सरकार ने इस बारे में अभी कोई स्पस्टीकरण नहीं दिया है। रही बात आम जनता की तो उसके लिए तो यह मूल्य वृद्धि दुबर पर दो आषाढ़ वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में पेट्रोल डीलजल और रसोई गैस की पहले ही किल्लत मची हुई है। पेट्रोल पंपों पर लंबी लंबी कतारें लग रही है और अब ऊपर से इनके दाम भी बढ़ा दिये गये हैं। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित कृषि प्रधान भारत का कृषि क्षेत्र होगा। डीजल के दाम बढ़ने से ना सिर्फ सिंचाई के लिए किसानों को दिक्कत होगी बल्कि कृषि कार्य में उपयोग किये जाने वाले ट्रेक्टर और हारवेस्टर सहित अन्य डीजल चालित यंत्रों का उपयोग करना महंगा पड़ेगा। जाहिर है कृषि उत्पादन की लागत और बढ़ेगी। जिससे किसानों को भारी नुकसान होगा। किसान पहले ही रासायनिक खादों की कमी से जूझ रहे हैं और उन्हें बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। अब डीजल के महंगे होने से उनकी परेशानी में और इजाफा होगा। इसलिए सरकार को चाहिए कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध कराने की तत्काल व्यवस्था करें। ईरान और अमेरिका के बीच अभी तक समझौता वार्ता अधर में लटकी हुई है और इसके विफल होने पर मिडिल ईस्ट में जंग के हालात निर्मित होने की प्रबल संभावाना नजर आ रही है। यदि ऐसा हुआ तो भारत में भी दुनिया के अन्य देशों की तरह ही तेल और गैस का संकट विकराल रूप धारण कर सकता है तथा निकट भविष्य में पेट्रोल और डीजल के दाम और भी बढ़ सकते हैं। गौरतलब है कि चार साल के बाद पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गये हैं। सरकार का कहना है कि अभी भी तेल कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है 3 रूपये की वृद्धि के बावजूद तेल कंपनियों को प्रतिदिन 1000 करोड़ रूपये का घाटा सहन करना पड़ रहा है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जग के हालात निर्मित होते हैं और उसकी वजह से कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल आता है तो भारत में भी पेट्रोल और डीजल के दाम और ज्यादा बढ़ने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। इसलिए यह आवश्यक है कि निकट भविष्य में सामने आने वाली चुनौती से निपटने के लिए सरकार एक सुस्पष्ट नीति निर्धारित करें और उस पर युद्ध स्तर पर अमल करे क्योंकि भारत में 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात किया जाता है और उसके आयात की राह में बाधा खड़ी होती है तो उसका सीधा असर पेट्रोल और डीजल पर की कीमतों पर पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ भाजपा में बदलाव के मायने

छत्तीसगढ़ राज्य विधान सभा के अगले चुनाव के लिए करीब ढाई वर्ष शेष है. नये चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2028 में होंगे. भाजपा की चुनाव तैयारियां शुरू हो गई हैं. प्रदेश कार्य समिति व कोर कमेटी से कुछ पुराने वरिष्ठ सदस्यों को विदा कर नये व ऊर्जावान साथियों को शामिल किया गया है. ऐसा प्रतीत होता है कि केन्द्रीय नेतृत्व चुनाव के पूर्व अपेक्षाकृत नयी टीम को मैदान में उतारना चाहता है. फ़िलहाल जो बदलाव हुए हैं , वे चुनाव में उजली संभावनाओं को ध्यान में रखकर किए गए हैं. इस प्रक्रिया में विरोध व असंतोष की लहर का उठना स्वाभाविक है, पर फ़िलहाल उसकी गति मंद है.

दिवाकर मुक्तिबोध

कोर कमेटी से सात दिग्गज नेताओं पुन्नूलाल लाल मोहले, गौरीशंकर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, राम विचार नेताम, विक्रम उसेंडी, रेणुका सिंह व वर्तमान विधान सभा अध्यक्ष डॉक्टर रमनसिंह को बाहर कर दिया गया है. ये सभी अलग-अलग अवधि मे सरकार व संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है. इनके स्थान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, लता उसेंडी व शिवरतन शर्मा को लिया गया है. प्रदेश कार्य समिति में भी बदलाव किया गया है. 23 विधायकों को सदस्य नहीं बनाया गया जबकि परंपरागत रूप से पार्टी के सभी विधायक विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में कार्य समिति में रहते हैं. प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की नयी टीम में 14 मंत्री व 17 विधायकों को जगह दी गई है. विधान सभा में भाजपा विधायकों की कुल संख्या 54 है.

केन्द्रीय नेतृत्व के मिजाज व कार्यशैली को देखते हुए यह कोई आश्चर्यजनक घटना नहीं है. भाजपा प्रयोगधर्मी पार्टी है. पुराने व पके हुए नेताओं को मुख्य धारा से हटाने की प्रक्रिया पूर्व में अहिस्ता-अहिस्ता और अब कुछ तेज गति से शुरू है. पिछले दस वर्षो में चाहे संगठन के मामले हों या विधान सभा या लोकसभा चुनावों में प्रत्याशियों के चयन का मसला हो , पार्टी ने ऐसे-ऐसे नेताओं को टिकिट दी जिनकी राजनीतिक पहचान खास नहीं थी. नेतृत्व ने जोखिम भरे निर्णय लिए जो कभी गलत साबित नहीं हुए. यह अलग बात है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का जलवा और आरएसएस की जमीनी ताकत चुनावों में अपना असर दिखाती रही. लगभग तमाम चुनावों में प्रत्याशी नहीं पार्टी जीतती रही है. इसलिए अनेक मामूली से मामूली नेता भी सांसद व विधायक बन गए और कुछ को मंत्री बनने का भी सौभाग्य मिला. भाजपा की नीति बहुत स्पष्ट है. यहां नेता नहीं संगठन सर्वोपरि है इसलिए कोई भी जीत व्यक्ति की नहीं, पार्टी की मानी जाती है. इसलिए कठोर से कठोर निर्णय लेने में भी पार्टी आगे-पीछे नहीं देखती. छत्तीसगढ़ इसका ताजा उदाहरण है. छत्तीसगढ़ प्रदेश के मामले में राष्ट्रीय नेतृत्व की कथित सलाह पर प्रादेशिक नेतृत्व ने कोर कमेटी व कार्य समिति से वरिष्ठ नेताओं की छुट्टी करके स्पष्ट संकेत दिया है कि उनके सक्रिय राजनीति से रिटायर होने का वक्त आ गया है.

कोर कमेटी से हटाए गए रमनसिंह पंद्रह वर्षों तक मुख्य मंत्री रहने के बाद अब विधान सभा अध्यक्ष हैं. 2023 के विधान सभा चुनाव के दौरान काफी समय तक उनकी कोई खास पूछ-परख नहीं हुई थी. एक तरह से वे हाशिए पर थे. प्रारंभ में उन्हें चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों से बाहर ही रखा गया लेकिन नेतृत्व को इस बात का अहसास होते ही कि पूर्व मुख्य मंत्री की उपेक्षा पार्टी को भारी पड़ सकती है, उन्हें पुनः मुख्य धारा में लाया गया. भाजपा ने चुनाव जीता और रमनसिंह सिंह की वरिष्ठता को देखते हुए उन्हें 'एडजस्ट' किया गया. वे विधान सभा अध्यक्ष बना दिये गये. बहुत संभव है कि यह उनका आखिरी राजनीतिक सफर हो. उनकी उम्र तथा स्वास्थगत समस्याओं को देखते हुए नहीं लगता कि उन्हें अगले चुनाव की टिकिट दी जाएगी. अलबता यदि वे दिलचस्पी दिखाएं तो उन्हें किसी राज्य का राज्यपाल बनाया जा सकता है. चर्चा रही है कि 2018 के चुनाव में पार्टी की बुरी हार के बाद उन्हें इस आशय का प्रस्ताव दिया गया था जिसे उन्होंने मंजूर नहीं किया.

कोर कमेटी से जो अन्य नेता बाहर किये गए हैं, उनमें से बृजमोहन अग्रवाल को छोड़कर शेष की सक्रियता पर सवाल उठते रहे हैं. जिन विधायकों को कार्य समिति में स्थान नहीं मिला, वे भी हैरान परेशान हैं. उनके असंतोष की जो धीमी लहरें उठ रही हैं उसके विशेष मायने नहीं हैं लेकिन 'असंतुष्ट ' बृजमोहन अग्रवाल का मामला सबसे अलग माना जा रहा है.

यह बहुत स्पष्टतः नज़र आता रहा है कि रायपुर के सांसद पर केन्द्र विशेषकर मोदी मेहरबान नहीं है जबकि वे प्रदेश भाजपा के ताकतवर व खूब लोकप्रिय नेता हैं. चुनाव संचालन में बेजोड़ माना जाने वाले इस नेता को पार्टी का ट्रबल शूटर भी कहा जाता रहा है. यही नहीं हर कठिन परिस्थितियों में उन्होंने स्वयं को साबित भी किया. राज्य के अनेक उपचुनाव में पार्टी की जीत के पीछे बृजमोहन की रणनीति कारगर रही है. उन्हें संसदीय कार्यों का भी लंबा अनुभव है. वे मध्यप्रदेश के जमाने में और बाद में अलग बने छत्तीसगढ में लगातार विधान सभा सदस्य और महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे. बृजमोहन अग्रवाल के बढ़ते कद से जो विरोधी आतंकित रहे हैं उनमें डॉक्टर रमनसिंह का भी नाम लिया जाता है. उन्होंने अपने पन्द्रह वर्षों के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में बृजमोहन के पर कतरने शुरू किए. उनके मुकाबले में तब के अनुभवहीन मंत्री राजेश मूणत को खड़ा किया गया. उनकी पीठ खूब थपथपाई गई. मूणत ताकतवर मंत्री कहे जाने लगे किंतु तमाम कूटनीतिक प्रयासों के बावजूद बृजमोहन की राजनीतिक सेहत पर फर्क नहीं पड़ा. न तो उनकी राजनीतिक सक्रियता घटी और न ही लोकप्रियता कम हुई.

फिर भी उनके खिलाफप्रयास जारी रहे. 2023 के विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद यद्यपि वे विष्णुदेव साय सरकार में शामिल कर लिए गए लेकिन पार्टी के केन्द्रीय प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश की राजनीति से दूर रखने का मन पक्का कर लिया था. मौका मिला छह माह बाद ही हुए 2024 के लोकसभा चुनाव का. उनकी अनिच्छा के बावजूद उन्हें रायपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से टिकिट दे दी गई. वे राष्ट्रीय कीर्तिमान के साथ चुनाव जीत गए. बृजमोहन सांसद जरूर बन गए हैं किन्तु प्रदेश की राजनीति में वैसे ही सक्रिय है जैसे विधायक व मंत्री रहते हुए थे. उनका मानना है कि विरोधी कितनी भी कोशिश कर लें, उनका कुछ नहीं बिगाड पाएंगे क्योंकि उनके पीछे जनता की ताकत है. कोर कमेटी में अब वे नहीं हैं किंतु प्रदेश की जनपक्षधरीय राजनीति में उनका दखल कायम है.

किंतु यह मान लेना चाहिए कि अब भाजपा में बृजमोहन की राजनीति ढलान पर है. यदि कोई चमत्कार हो जाए और देर-सबेर उन्हे केन्द्रीय मंत्रिमंडल में ले लिया जाए या कोई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे दी जाए तो बात अलग है लेकिन फिलहाल इसकी उम्मीद कम ही नज़र आती है. लेकिन पार्टी को इस तथ्य पर भी विचार करना होगा कि बृजमोहन जैसे वरिष्ठ व अनुभवी नेता को किनारे करने से चुनाव में पार्टी को कितना नुकसान हो सकता है.

बहरहाल कोर कमेटी व कार्य समिति से दिग्गज नेताओं को बाहर किए जाने के बाद सरकार व संगठन से नाराज असंतुष्टों की लंबी कतार बनती जा रही है. राज्य विधान सभा के अब तक के सत्रों में विष्णुदेव साय सरकार को दोहरे मोर्चे पर लड़ना पड़ रहा है. मुख्य विपक्ष कांग्रेस तो है ही, दूसरा उसका अपना प्रतिपक्ष है अर्थात अपनी ही सरकार से तल्ख सवाल करने वाले वे विधायक हैं जो असंतुष्ट खेमे का प्रतिनिधित्व करते हैं. अब सवाल है कि क्या केन्द्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश संगठन कथित असंतुष्टों की मिजाजपुर्सी करेगा? उन्हें शांत करने के लिए कोई मीठी या बहुत कडवी दवाई दी जाएगी ? भाजपा की राजनीति को देखते हुए कहा जा सकता है कि ऐसा कुछ नहीं होगा. कोई भी पार्टी से विद्रोह करने की स्थिति में नहीं है. लिहाज़ा चाय की प्याली में असंतोष का जो थोडा बहुत उबाल दिखाई पड़ रहा है वह कुछ समय में ही झाग की तरह अपने आप नीचे बैठ जाएगा. लेकिन यदि कार्यकताओं की पूछ-परख नहीं होगी, सत्ता व संगठन में उन्हें सम्मान नहीं मिला, सरकार से संबंधित छोटे-मोटे कार्यों के लिए भी उन्हें तरसाया गया तो जाहिर है असंतोष का लावा अंदर ही अंदर खदबदाता रहेगा और अवसर मिलते ही बाहर आ जाएगा. बीते ढाई वर्ष में साय सरकार व संगठन के कामकाज से ऐसी स्थिति धीरे-धीरे बनती जा रही है.

फ़िलहाल राज्य संगठन के संदर्भ में किसी महत्वपूर्ण घटनाक्रम की प्रतीक्षा है. राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नबीन की कार्यकारिणी के शीघ्र गठन की उम्मीद की जा रही है. यह देखना दिलचस्प रहेगा कि संगठन प्रभारी महामंत्री पवन साय के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में जमकर कार्य करने वालों में से किसे राष्ट्रीय संगठन में काम करने का अवसर मिलेगा या केवल जबानी तारीफ ही चलती रहेगी ? जो भी हो पर यह स्पष्ट है कि साय सरकार स्वतंत्र नहीं है. सत्ता के वास्तविक सूत्र संगठन के चंद नेताओं के हाथ में है जिनमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पवन साय का नाम विशेष रूप से चर्चा में रहता है. बहरहाल 2028 का चुनाव भाजपा के लिए अधिक चुनौतीपूर्ण रहेगा क्योंकि सरकार की कमजोरियां संगठन पर बोझ की तरह सवार रहेंगी.

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, यह आलेख उनकी फेसबुक वॉल से उनकी अनुमति से लिया गया है)

भाजपा के लिए जश्न का कम, सावधानी का वक्त ज्यादा है

बरुण सखाजी श्रीवास्तव, राजनीतिक विश्लेषक

बंगाल को चुनावी रूप से जीतकर भाजपा ने देशभर में यह सिद्ध कर दिया कि वह एक पेशेवर, समर्पित, लक्ष्य केंद्रित वैचारिक के साथ ही साथ चुनावी राजनीतिक दल है। बंगाल में 2021 से क्रमांक-2 की पार्टी बनी भाजपा का आज नहीं तो कल सत्ता में आना तय था, लेकिन स्थानीय स्तर पर सियासी विल पावर की पक्की, मजबूत इरादों वाली ममता के रहते यह आसान नहीं था। ममता बैनर्जी का एक चेहरा मुस्लिम परस्ती वाला है, लेकिन राजनीतिक स्तर पर देखें तो वह देश के चुनिंदा जन-नेताओं में शुमार हैं। इसलिए ममता की हार असल में ऐसी हार नहीं है, जिसे बंगाल से बेदखली के रूप में देखा जा सके। वह अब भी सीटों में जिधर भी हों, लेकिन वोट परसेंट में 40 के पार हैं। इसका अर्थ है आधा बंगाल अभी ममता का पैरोकार है। कह सकते हैं इसमें 20-22 परसेंट मुस्लिम होंगे, लेकिन अब भी भाजपा को शत-प्रतिशत हिंदुओं ने वोट नहीं दिया। जबकि ममता को सौ फीसद गैरहिंदुओं ने मिलकर वोट दिया और कुछ उदार हिंदुओं से भी डलवाया। यह काम सनातनी हिंदुओं के बसका नहीं है। वे खुद ही वोट दे दें यही बड़ी बात है। दूसरों से डलवाना तो भूल ही जाइए।

भाजपा अपने उरूज पर है। इस वक्त उसकी सोच का दायरा और बड़ा और ऊंचा होना चाहिए। बंगाल से गुजरात तक, हरियाणा से एमपी तक भाजपा के मुख्यमंत्री या उसके समर्थकों की सरकारें हैं, लेकिन सारे मुख्यमंत्री मोदी नहीं हैं, सारे प्रदेश अध्यक्ष अमित शाह नहीं हैं, सारी जनता हिंदू नहीं है। ऐसे में जरा भी गलत चयन भाजपा को फ्ट से नीचे ला सकता है। मंत्रिमंडल, विधायकों में जरा भी नकारात्मकता भाजपा की आलोचना शुरू करवा सकती है। कार्यकर्ताओं का व्यवहार असहज कर सकता है। इसलिए भाजपा के लिए यह जश्न का दिन तो है, लेकिन उससे ज्यादा सावधानी का कालखंड भी है।

भाजपा को हर मोर्चे, माहौल, मोड़ पर सावधानी से कदम उठाने होंगे। कमजोर मुख्यमंत्रियों के सहारे चल रहे कई सारे राज्यों पर पैनी नजर रखना होगी। मंत्रियों के मनमानेपन को भी आंकते रहना होगा। मोदी ने 2014 में राम-राम जपते हुए नहरें, सड़कें बनवाई हैं, जबकि मौजूदा भाजपा में ज्यादा संख्या सिर्फराम-राम जपने वालों की हो गई है, सड़क, नहर, नाली पर फोकस नहीं है। ऐसे में भाजपा को यह सदा ही समझना होगा कि वह किसी राज्य में या देश में एक-दो बार सरकारों में आकर ही बेफिक्र नहीं हो सकती। क्योंकि उसके काम का दायरा व्यक्ति, समय, कार्यकाल से ऊपर का है। उसके मंतव्यों को न एक व्यक्ति के सरकार में आने से पूरा किया जा सकता न किसी एक कार्यकाल से। भाजपा को चाहिए स्थायी सरकारों की ओर बढ़े, इसके लिए सावधानीपूर्वक व्यक्तियों का चयन हो, सावधानीपूर्वक हार-जीत का जश्न हो, सावधानीपूर्वक लेअर बाय लेअर काम और नाम हो। इसलिए यह वक्त जश्न से ज्यादा सावधानी का है। अपेक्षाओं को समझने का है। उपेक्षाओं से बचने का है। सत्ता एक बार मिलना गुस्सा है, दूसरी बार मिलना प्यार, तीसरी बार मिलना विश्वास है। मोदी सरकार अभी विश्वास के कालखंड में प्रवेश कर पाई है। चौथी बार मिलना अपेक्षा है, पांचवी बार मिला अपनापन, छठवीं बार आना जनता का अक्स दिखना है, सातवीं, आठवीं बार मिला अटूट प्रेम, विश्वास, अपेक्षा, अर्पण, समर्पण आदि सब है।

बंगाल के नतीजे गुस्से के नतीजे हैं, इन्हें प्यार में बदलने के लिए सुवेंदु को 2031 में जीतना होगा, उससे पहले 2029 में सारी सीटों पर भाजपा का झंडा लहरवाना होगा। हंसिए कि आप सत्ता में हैं, खुश होइये आप जीते हैं, डरिये मत आप आगे हैं, आशंका में मत जीइए आपके पास 46 परसेंट बंगाल है, किंतु सावधान रहिए क्योंकि भारतीय मानस जीत को ही मंजिल मान लेता है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

- भगवान श्री रामचंद्र का जीवन कितना पवित्र है क्योंकि इनके जीवन का हर काम गुरू की आज्ञा से होता है। ठाकुर जी एक कदम बढ़ावें तो पहले गुरू की आज्ञा लेंवे।
- ऋतु का भी बड़ा महत्व है जीवन में। अगर आपके आस-पास का वातावरण अच्छा हो, आपके आसपास में हरियाली हो, आपके आसपास में सुंदर खिले हुए फुल हो तो आपके हृदय में भी आनंद और प्रेम के कुसुम खिल जाते हैं।
- जहाँ निंदा रस में डूब जाओगे तो वहीं पर सीखने की प्रवृत्ति बंद हो जाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1769- ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए। 1975 - जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी। 1987 - सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लिया। 2000 - रूसी संसद के ऊपरी सदन फ़ेडरलिस्ट्स ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि की मंजूरी प्रदान की। 2002 - पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव क़ब्रिस्तान से बरामद। 2007 - भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू। 2008 - बिहार के परिवहन मंत्री रामानन्द प्रताप सिंह न नीतीश मंत्रीमण्डल से इस्तीफ़ा दिया। तालिबानी आतंकवादियों ने पाकिस्तान के राजदूत तारिक अजीजुद्दीन को रिहा किया। 2010 - भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए। बीजिंग ओलिंपिक के कांस्य विजेता विजेंद्र सिंह के अलावा दिनेश कुमार, परमजीत समोटा, अमनदीप, सुरंजॉय व जय भगवान ने अपने-अपने वर्ग का फाइनल जीता।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हम वर्तमान को जीते कहाँ हैं, उसे भूतकाल में दोहराकर मुस्कुराते हैं पहले ऐसा थाज वैसा था कहते-कहते आज को कहीं पीछे छोड़ आते हैं। बीते पलों की धूप में हम सुकून तलाशते हैं, पर आज की छांव में बैठना अब तक नहीं सीख पाए हैं। अजीब विडंबना है जिस पल में सांस चल रही है, उसी पल को जीने से कतराते हैं, और जो बीत गया, उसे जी-जीकर खुद को बहलाते हैं। क्या हम यूँ ही भूतकाल की खिड़कियों से वर्तमान को मुस्कुराते देखते रहेंगे? या कभी ठहरकर आज को भी अपने होने का हक देंगे । - **सीमा नागर तुली**

बालमन के विचारों, इच्छाओं, भावनाओं, सपनों और कल्पनाओं को वाणी देते हुए एक 'बाल कुंडलिया संकलन' प्रकाशन की योजना है। बाल साहित्य से जुड़े कवि एवं कुंडलियाकार यदि अपनी चार-चार बाल कुंडलियाँ उपलब्ध करा सकें तो योजना साकार रूप ले सकती है। - **डॉ.बिपिन पाण्डेय**

कितना कुछ है जो मुझे कहना है ,बताना है, लिखना है किस्सों और कहानियों की शक्ल देनी है उस अनकहे को पर कभी वक्त नहीं होता और कभी हिम्मत नहीं होती।बस एक इन्तजार है सबकुछ मेरे पक्ष में आने का हो सकता है ये इंतजार अंतहीन हो पर सब्र करना तो सीखना पड़ता है और नहीं सीखो तो वक्त के थपेड़े सीखा देते हैं।। - **मीना सोनी**

कुछ नए आगाज़ , कुछ नए परवाज़ जीने का है अंदाज़ , गुनगुनाते साज़ मौन और मन का सच बताता समय देकर गया आवाज़ , करता गया नाज़ ... कि बिना हार के जीत ,और जीत के बिना हार सोचो ज़रा कितनी है अधूरी ..!! - **नंदिता तनूजा**

सुबह जब पेट्रोल डलवाने गया तो वहां दो सज्जन ऐसे मिले जिनकी बाइक में टंकी फूल थी ,मात्र आधा लीटर पेट्रोल की जगह थी,वह भी घंटों लाइन लगकर 50 और 100 का पेट्रोल डलवा रहे थे ,ताकि टंकी में उतनी भी जगह न रहे .. मैंने उनसे पूछा क्या कल दुनिया खत्म हो रही है ?! उसमें से एक बोला नहीं ,थोड़ी दूर जाना है ....- **अजय सरस्वती श्रीवास्तव**

इसी लिए समाज में अब वह सब दिखाई दे रहा है जिसकी द्मड्डद्यश्चठ्ठड्ड भी कभी नहीं की गई थी द्य महिलाओं को द्वड्डद्यश्चश्चद्व है जो करो सब सही द्य वोट की गंदी महिला राजनीति ने सबकुछ एकतरफ़ा किया है द्य ड्डद्बद्मड्डश्च मीडिया भी चुप रहाता है द्य बस सवाल यही आखिर कब तक। - **एल.एस. बिष्ट**

है किनारा क्यूं ख़फ़ा मंझधार से, इस तरह बैठे हो क्यूं बेज़ार से। तुम चरागों से मुहब्बत मत करो, ये हवाओं ने कहा है प्यार से । चेहरे पर झूठ का पर्दा न हो जैसे हो वैसे दिखो किरदार से। आस्मां को झुकना होगा,आज फिर, धरती ने उससे कहा अधिकार से। चांद दर्शन दे या ना दे दानी की , ईद होगी आपके दीदार से । आज जैसी चाहो जी लो ज़िन्दगी, कल तो जाना होगा इस संसार से। कोशिशों ही जीत की राहें, भले सामना हो बारहा हां हार से। **-डॉ संजय दानी**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज किस्मत आपके अधूरे सपनों को पूरा करने के मूड में नजर आ रही है। रुके हुए काम पूरे होने से मन खुशी से भर जाएगा।

वृषः आज सेवा और दान-पुण्य के कामों में मन खूब लगेगा। पुराने साथी से मुलाकात बीती यादों को ताजा कर सकती है। वैवाहिक जीवन में चल रही दूरियां खत्म होकर रिश्तों में मिठास लौटेगी।

मिथुनः आज का दिन लाभ और खुशियों से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ बिताए गए रोमांटिक पल आपके रिश्ते को और मजबूत करेंगे। सेहत में सुधार आने से मन हल्का महसूस करेगा।

कर्कः आज तरक्की की नई राहें आपके सामने खुल सकती हैं। दोस्तों का सहयोग आपको हर मुश्किल से बाहर निकाल देगा। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की नई दस्तक दिल को खुश कर सकती है।

सिंहः आज कुछ उलझनें आपका ध्यान भटका सकती हैं, लेकिन धैर्य से काम लेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। लंबे समय से रुके कामों को पूरा करने का सही समय आ गया है।

कन्याः आज आय और खर्च के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी रहेगा। बढ़ते खर्च आपको थोड़ा परेशान कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से स्थिति संभल जाएगी। नौकरी बदलने की सोच रहे लोगों को नया ऑफर मिल सकता है।

तुलाः आज आलस्य छोड़कर आगे बढ़ेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। जरूरत के हिसाब से खर्च करना ही समझदारी होगी, वरना बाद में आर्थिक दबाव महसूस हो सकता है। जीवनसाथी नौकरी के सिलसिले में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृश्चिकः आज कमाई और खुशियों दोनों में बढ़ोतरी होने के संकेत हैं। घर की सजावट या नई खरीदारी मन को उत्साहित करेगी। परिवार में चल रही।

धनुः आज सकारात्मक ऊर्जा आपके हर काम में दिखाई देगी। दोस्तों और परिवार का साथ आपको नई ताकत देगा। लंबी यात्रा की योजना बन सकती है, जो यादगार साबित होगी।

मकरः आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। समाज सेवा और परोपकार के कार्यों से आपकी छवि और निखरेगी। भाई-बहनों का सहयोग आपको हर कदम पर मिलेगा। पुरानी गलती से मिली सीख आज बड़ी परेशानी से बचा सकती है।

कुंभः आज का दिन थोड़ा संतुलन और धैर्य मांग सकता है। अचानक आए खर्च आपके बजट को बिगाड़ सकते हैं, इसलिए सोच-समझकर खर्च करें। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना परिवार में तनाव बढ़ा सकता है।

मीनः आज आर्थिक मामलों में भाग्य आपका पूरा साथ देगा। बिजनेस में अच्छी कमाई होने से मन प्रसन्न रहेगा और पार्टनरशिप भी शानदार चलेगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में भारत की सबसे बड़ी गोलाकार पत्थर की भूलभुलैया किस राज्य में खोजी गई है?

2) वांगछू हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी प्रोजेक्ट किस देश में स्थित है?

3) भारत का पहला राज्य कौन सा है जिसने आधिकारिक रूप से राज्य सूक्ष्मजीव घोषित करते हुए बैक्टीरिया बैसिलस सब्टिलिस को चुना है?

4) भारत में नेशनल स्टार्टअप डे हर साल किस दिन मनाया जाता है?

5) लक्षद्वीप के पास लेइओगैलाथिया समुद्रगिरि नामक स्काट लॉबस्टर की नई प्रजाति की खोज किस सरकारी पहल के तहत की गई थी?

उत्तरमाला- (1) कर्नाटक (2) भूटान (3) केरल (4) 16 जनवरी (5) डीप ओशन मिशन

पहेली

शब्द सामर्थ्य -041

सीमांकन में पक्षपात, भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोप, आरआई के खिलाफ जांच की मांग

■ आरआई बोले - सभी दस्तावेज मिलने के बाद ही होगा सीमांकन, आरोप आधारहीन

दुर्ग/नवप्रदेश। राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की शिकायत सामने आई है। शिकायतकर्ता रजत सुराना ने सीमांकन और रकबा बैठाने के नाम पर बड़े पैमाने पर सौदेबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्व विभाग में किसी भी विवादित सीमांकन प्रकरण को जानबूझकर पेचीदा बताकर टीम फार्मेशन की मांग की जाती है। इसके बाद रुपयों की डिमांड की जाती है। डिमांड पूरी करने वालों के पक्ष में ही सीमांकन और रकबा बैठाने का कार्य किया जाता है।

रजत ने बताया कि उनके द्वारा दुर्ग निवासी पवन अग्रवाल से खसरा नंबर 80/3 की 0.417 हेक्टेयर भूमि खरीदी गई थी। 1994 से 2005 के बीच अन्य लोगों ने भी पवन अग्रवाल से इसी खसरे की जमीन खरीदी। विक्रय की गई भूमि में से 11 लोगों को बेची गई भूमि के बीच आने-जाने के लिये विक्रेता पवन अग्रवाल ने 30 फीट और 60 फीट चौड़ी सड़क छोड़ी। यह सड़क आज भी मौके पर मौजूद है। यहां रहने वाले रहवासियों का आना-जाना इसी सड़क से होता है। आश्चर्यजनक ढंग से सड़क का रकबा आज भी पवन अग्रवाल के मूल खसरा नंबर 80/3 में ही दर्ज है।

रजत ने कहा कि पवन अग्रवाल का पुत्र निलेश अग्रवाल वर्तमान में दुर्ग नगर निगम का पार्षद है और एमआईसी मेंबर भी है। अपने राजनीतिक प्रभाव, पैसे और दबदबे का उपयोग करते हुए निलेश अग्रवाल और उनके पिता पवन अग्रवाल द्वारा खसरा नंबर 80/3 की सड़क रास्ते की भूमि को भूमि रजत सुराना की भूमि (खसरा नंबर 80/ 352) में समायोजित करने का प्रयास किया जा रहा है।

रजत ने शिकायत में कहा है कि खसरा नंबर 80/3 के कई नामांतरण प्रकरणों में स्वयं पवन अग्रवाल तहसीलदार के समक्ष स्वीकार कर चुका है कि उक्त खसरे की बचत भूमि सड़क रास्ते की है। इसका उल्लेख तहसीलदार के आदेश में भी है।

रजत सुराना ने उक्त भूमि के सीमांकन मामले में पक्षपात और भ्रष्टाचार के लिये आरआई विजय शर्मा को मास्टरमाइंड बताते हुए कहा कि शर्मा ने उनसे 25 लाख रुपए की मांग की। शर्मा ने यह भी कहा कि सीमांकन का काम उसी के फेवर में किया जाएगा, जो डिमांड के अनुसार रकम देगा। रजत सुराना ने बताया कि कई बार फोन करने पर भी आरआई ने आपत्ति नहीं ली। व्हाट्सएप के माध्यम से आपत्ति भेजी गई। इसके बाद भी रिसीविंग नहीं की गई।

रजत ने बताया कि 15 मई को सीमांकन की तारीख तय थी। इससे एक दिन पहले 14 मई की रात 11 बजे पटेल चौक के पास मेन पोस्ट आफिस के बगल में आरआई विजय शर्मा और पटवारी पुलगांव को निलेश अग्रवाल के साथ देखा गया। उन्हें जमीन के कारोबार से जुड़े गणेश तिवारी ने देखा। गणेश के पहुंचते ही आरआई वहां से चले गए। सीमांकन से एक दिन पहले आधी रात को आरआई विजय शर्मा का निलेश अग्रवाल के साथ मिलना मिलीभगत और पक्षपात की तस्वीर को साफ कर देता है।

रजत सुराना ने कहा है कि यह पूरी सीमांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता और राजस्व व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। इस मामले की जांच होनी चाहिये। जांच न होने पर कई भू स्वामियों की भूमि राजनीतिक दबाव और भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ जाएगी। सुराना ने पिछले पांच साल में सभी विवादित सीमांकन मामलों की जांच और रकबा बैठाने के मामलों की जांच, विवादित सीमांकन के मामलों में आरआई विजय शर्मा की भूमिका की जांच कर तत्काल इस प्रकरण से पृथक करने, सीमांकन प्रकरण पर रोक लगाकर प्रकरण की निष्पक्ष जांच और खसरा नंबर 80/3 की बचत भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में पृथक-पृथक सड़क रास्ता घोषित करने की मांग की है।

आरोप पूरी तरह बेबुनियाद और आधारहीन

यह प्रकरण पोटियाकला का है, जो कसारीडीह आरआई सर्किल के कार्यक्षेत्र का है। विवादित सीमांकन के लिये पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है, जिसमें तीन आरआई और दो पटवारी शामिल हैं। मैं स्वयं दुर्ग शहर का आरआई हूं। सीमांकन से पहले एक बार मौका जांच किया गया जिसमें आवेदक और अनावेदक द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय मांगा गया। दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया गया। उनके द्वारा कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किये गए हैं। कुछ और दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना हैं। इसके बाद स्थल जांच होगी। स्थल जांच और सभी दस्तावेज मिलने के बाद ही सीमांकन किया जा सकेगा। 15 मई को शुक्रवार को सीमांकन के लिये तारीख तय की गई थी। लेकिन, अनावेदक रजत सुराना ने कोर्ट में पेशी का हवाला देते हुए फैमिली के साथ कटक जाने की जाने की जानकारी दी गई। इसी कारण सीमांकन केंसिल कर दिया गया। आज अचानक अनावेदक ने बेबुनियाद और निराधार आरोप लगाया है। अनावेदक उन्हें जांच दल से हटाना चाहता है।

विजय शर्मा, आरआई, दुर्ग शहर

न्यूज गैलरी

समस्या निवारण शिविर आज

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संचालित 'सुशासन तिहार-2026 अभियान के तहत 18 मई सोमवार को जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 18 मई सोमवार को निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई में भव्य शिविर लगेगा, जिसमें पुरई सहित मचांदुर, चिरपोटी, पाउवारा, कोडिया, कोकड़ी, हनोदा, खोपली, डुमरडीह, घुघसीडीह, उमरपोटी, कातरो, मातरोडीह, बोरीगारका और करगाडीह ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी शिकायतें और मांगें रख सकेंगे। इसी दिन नपा परिषद कुम्हारी के वार्ड 6 स्थित सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित होगा, जहाँ वार्ड 1 से 8 तक के शहरी नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे।

डाक अदालत 20 को

भिलाई। डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा करके उनका समाधान करने संभागीय स्तर पर डाक अदालत का आयोजन 20 मई को प्रातः 11 बजे से कार्यालय अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा। डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं (आरडी/बचत बैंक /बचत पत्र इत्यादि) रजिस्ट्री, मनीआर्डर, वीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जायेगा। डाकघर दुर्ग संभाग सिविक सेंटर भिलाई के अधीक्षक ने डाक ग्राहकों से अपील करते हुए कहा है कि शिकायतें होने पर प्रकरण के पूर्ण विवरण सहित अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग सिविक सेंटर भिलाई को 19 मई शाम 5 बजे तक प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि के बाद प्राप्त शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।

शीतला मंदिर के ज्योति कक्ष का लोकार्पण

कुम्हारी। समीपस्थ ग्राम उरला में आराध्य देवी माँ शीतला मंदिर में नवनिर्मित ज्योति कक्ष का निर्माण पूर्ण होने के बाद गुरुवार को भव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। जय शीतला सेवा मंडली के सदस्यों और ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम उरला में शारदीय व चैत्र नवरात्रि के दौरान प्रतिवर्ष आस्था की ज्योति जलाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ज्योति कक्ष की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ग्रामीणों के सहयोग और जनभागीदारी से मंदिर के प्रथम तल पर आधुनिक ज्योति कक्ष का निर्माण कराया गया। लोकार्पण समारोह के अंतर्गत शोभायात्रा, हवन-पूजन, भोग-भंडारा और माता सेवा जगराता का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने इसे गांव की धार्मिक एकता और सामूहिक सहयोग का प्रतीक बताया।

सुशासन के दावों के बीच बुनियादी सुविधाओं के लिए नागरिक कर रहे संघर्ष: वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने प्रदेश की वर्तमान प्रशासनिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के सरकारी दावों और जमीनी हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। प्रदेश का आम नागरिक मूलभूत सुविधाओं और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। सुशासन तिहार केवल प्रशासनिक औपचारिकता और दिखावा प्रतीत हो रहा है। वोरा ने शासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वास्तविक सुशासन विज्ञापनों में नहीं, बल्कि जनता की संतुष्टि में झलकता है। अत्यंत खेद का विषय है कि निराश्रितों और बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन पिछले छह माह से रुकी हुई है। हमारे बुजुर्ग अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए परेशान हो रहे हैं। बिजली बिलों में कटौती के वादों के विपरीत जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ लाद दिया गया है, जिससे मध्यम और निम्न वर्ग का बजट बिगड़ गया है। राशन की दुकानों से आवश्यक खाद्यान्न का वितरण अनियमित हो गया है। बेरोजगारी के कारण युवाओं का भविष्य अनिश्चित हो गया है।

मंत्री गजेंद्र ने किया सतनाम भवन, जैतखाम जीर्णोद्धार व मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 22 में सतनाम भवन, जैतखाम जीर्णोद्धार व मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव समाजजनों के साथ शामिल हुए और विधिवत पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। पटरीपार क्षेत्र में 19.88 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य समाज की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा।

मंत्री यादव ने कहा कि जैतखाम सतनामी समाज की पहचान और श्रद्धा का केंद्र है और इसके जीर्णोद्धार और सतनाम भवन निर्माण से समाजजनों को सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जैतखाम, सामुदायिक भवन व अन्य जनहित के कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र की जनता और सामाजिकजनों को सीधा लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक पंथी नृत्य किया गया। मंत्री यादव ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, शिवेंद्र परिहार, निगम सभापति श्याम शर्मा, बंटी चौहान, कमलेश फेकर, कांशीराम कोसरे, भाजयुमो अध्यक्ष हिमांशु सिंह, पार्षदगण, कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

58 भूखंडों की नीलामी से मिले 15 करोड़

भिलाई-चरौदा/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई चरौदा में 58 व्यवसायिक भू खंडों की नीलामी की गई। सभी 58 भू-खण्डों की ब्रिकी की कार्यवाही से निगम प्रशासन को 15 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त होगी। नीलामी में उच्चतम बोली लगाकर भूखण्डों को प्राप्त करने का प्रस्ताव देने वालों को भूखण्ड के रेट का 35 प्रतिशत निगम कोष में जमा करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर बोलीदाता के प्रस्ताव को अमान्य कर दिया जाएगा। नगर निगम के जनसंपर्क प्रभारी विकास त्रिपाठी ने बताया कि 4 दिनों तक चली नीलामी प्रक्रिया के दौरान महापौर निर्मल कोसरे व कमिश्नर डीएस राजपूत, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, ईश्वर साहू, नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, निगम संपदा प्रभारी राजू वर्मा, संपत्तिकर प्रभारी ललित चन्द्राकर, चेतन देवांगन, कुलदीप यादव, मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

शनिदेव जन्मोत्सव पर विधायक ललित ने की पूजा-अर्चना, भक्तों को बांटा महाप्रसाद

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री शनिदेव जन्मोत्सव के अवसर पर रिसाली स्थित डीपीएस चौक में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग ग्रामीण के विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) ललित चंद्राकर ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री शनिदेव महाराज हमें सत्य, धर्म और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनका आशीर्वाद हम सब पर बना रहे और शनि महाराज की कृपा से हमारे क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि का वास हो। विधायक चंद्राकर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शनिदेव जयंती कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। भक्तों ने तेल, काले तिल, काले वस्त्र अर्पित कर शनिदेव महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। जय शनिदेव महाराज के जयकारों की गूंज रही। विधायक चंद्राकर ने भक्तजनों को महाप्रसाद का वितरण किया। विधायक चंद्राकर ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों का प्रसार होता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को शनिदेव जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को कुचला, 2 की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। चंद्रा मौर्या चौक पर रेड सिग्नल पर खड़ी दो बाइक और स्कूटी को पीछे से आकर तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में नाबालिग समेत 2 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। निजी अस्पताल के आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है। बाइक सवार एसी रिपेयरिंग का काम करते हैं। हादसे के कारण बाइक के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार ड्राइवर सागर जायसवाल को हिरासत में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। बाइक सवार सुपेला से पावर हाउस की तरफ जा रहे थे। चंद्रा मौर्या चौक पर रेड सिग्नल पर खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार (सीजी 07 बीआर 0571) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार ड्राइवर ने सिग्नल

तोड़ते हुए लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाई और दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। कार ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने कार ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी का कहना है कि आरोपी का मेडिकल टेस्ट भी किया जाएगा। पता लगाया जाएगा कि वह नशे में तो नहीं था। शुरुआती जानकारी में तेज रफ्तार और सिग्नल तोडऩे की बात सामने आई है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

दिव्यांग मां की डंडे से पीट-पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। जेवरा सिरसा चौकी से सिर्फसौ मीटर दूर घरेलू विवाद के कारण बेटे ने अपनी मां की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मनीष पटेल ने चौकी पहुंचकर सूचना दी थी कि उसकी बुआ सरस्वती पटेल (50) की अज्ञात व्यक्ति ने ठोस वस्तु से हमला कर हत्या कर दी है। वह शारीरिक रूप से दिव्यांग थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतिका के बेटे अश्वनी पटेल से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी अश्वनी पटेल ने अपनी मां की हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि खाना नहीं बनाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। गुस्से में आकर उसने पास में रखे लकड़ी के डंडे से मां के सिर, माथे, हाथ, छाती और पेट पर लगातार हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका का पोस्टमॉर्टम चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में कराया गया। डॉक्टरों की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगने से मौत होना बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल लकड़ी का डंडा जब्त कर लिया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर कोर्ट में पेश किया गया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 19 से

■ जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कार्यकर्ताओं को सौंपे दायित्व

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला भाजपा दुर्ग द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के आयोजन को लेकर अंतिम तैयारी बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रशिक्षण वर्ग 19 व 20 मई को राजनांदगांव के समीप सोमनी टोल प्लाजा के पास संचिता लॉन में आयोजित किया जाएगा।

बैठक में प्रशिक्षण वर्ग के अनुशासित, भव्य और सफल संपादन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न व्यवस्थाओं और दायित्वों का निर्धारण कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व कार्यक्रम टोली सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, जिला महामंत्री व प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान टोली संयोजक दिलीप साहू, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष व कार्यक्रम टोली सदस्य तेखन सिन्हा, टोली सदस्य राजेंद्र पाध्ये, प्रशिक्षण वर्ग नियंत्रक संतोष सोनी उपस्थित रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा और कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति व जनसेवा के मूल मंत्रों से अवगत कराया जाएगा। कौशिक ने कहा कि आवास, भोजन, पंजीयन, अनुशासन, स्वागत, मंच व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियों का निर्धारण कर दिया गया है। सभी कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक को दिलीप साहू, राजेंद्र पाध्ये, संतोष सोनी ने भी संबोधित किया। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, सह संयोजक अविनाश राजपूत, आईटी सेल जिला सह संयोजक उमेश गिरी, जूही चंद्राकर, राजेश सिंह राजपूत, प्रीति राजपूत, लेखिका आढतिया, मुकेश बेलचंदन, हिमांशु सिंह, अनिकेत यादव, नितेश शर्मा, सुरेश दीक्षित उपस्थित थे।

विद्युत विभाग की अंधेरगर्दी से लोगों में बढ़ने लगा आक्रोश

■ सरप्लस प्रदेश में बिजली कटौती समझ से परे, कांग्रेस छेड़ेगी आंदोलन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन के मामले में सरप्लस राज्य होने के बावजूद विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और सरकार के निकम्मेपन के कारण प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा और दिया तले अन्धेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में आक्रोश गहरा रहा है। घोषित-अघोषित बिजली कटौती बंद न होने पर कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने बाध्य होगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के कोआर्डिनेटर देवकुमार जंघेल,

नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल गनी, लिखन साहू, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, डॉ छत्रसाल गायकवाड, संजय सिंह, मनोज चंद्राकर, अनिल देवांगन, मनीष यादव ने बयान जारी कर कहा है कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार के दौरान बिजली बिल आधा किया गया था और बिजली कटौती नहीं होती थी। साय सरकार के कार्यकाल में बिजली बिल सांय-सांय बढ़ रहा है और बिजली घंटों गुल रहने लगी है। जरा सी तेज हवा चलते ही बिजली गुल हो जाती है और घंटों तक नहीं आती। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है।

साल भर मेंटेनेंस का काम करने के नाम पर मेंटेनेंस राशि की बंदरबांट करने वाले अफसरों ने बिजली दफ्तरों को कंगाल कर दिया है। लोगों की शिकायत भी नहीं सुनी जाती। शिकायत करने पर कर्मचारियों की कमी और कंपलेंट ज्यादा होने का बहाना किया जा रहा है।

हेमचंद यादव विवि के स्वयंसेवकों ने हिमाचल प्रदेश के साहसिक शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. प्रो. संजय तिवारी और कुलसचिव डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने हिमाचल प्रदेश में आयोजित साहसिक शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, रिवर क्रॉसिंग, रिप्लिंग सहित अन्य साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छत्तीसगढ़ टीम के सभी स्वयंसेवकों ने अनुशासन, साहस, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का प्रेरणादायक परिचय

दिया। स्वयंसेवकों के शानदार प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ प्रदेश गौरवान्वित हुआ। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी मिथिला सिंघारे के नेतृत्व में स्वयंसेवक टिकेंद्र वर्मा, लोचन साहू, सिद्धार्थ साहू, शशांक साहू, अंकिता चेलक, दिव्या, निशा निर्मलकर और अनुकृति पारकर ने सक्रिय सहभागिता निभाई। साहसिक शिविर पूर्ण होने के बाद आज विश्वविद्यालय परिसर में सभी प्रतिभागी स्वयंसेवकों को साहसिक शिविर के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना विवि कार्यक्रम समन्वयक जैनेंद्र दीवान, डॉ. राजेश अवस्थी, रासेयो बालोद जिला संगठक डॉ. लीना साहू और वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन: जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भाजपा सरकार की नीतियों को बताया जनविरोधी

बैलों की जगह इंसानों ने खींची मोटर साइकिल, महंगाई के खिलाफ फूटा आक्रोश

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान और जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री और सराफा (सोना-चांदी) के बढ़ते दामों के विरोध में 17 मई से 20 मई तक चरणबद्ध आंदोलन व जनजागरण अभियान प्रारंभ किया गया। धमधा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में पारंपरिक जुड़ा (दो बैल फांसने का उपकरण) में बैलों की जगह इंसानों को जोड़कर मोटरसाइकिल बांधकर खींची।

इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने संदेश दिया कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जिंदगी इतनी कठिन बना दी है कि अब वाहन चलाना भी बोझ बन गया है। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता पर लगातार महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है। पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार वृद्धि से परिवहन, खेती-किसानी, खाद्य सामग्री एवं दैनिक जरूरतों की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं, जिससे गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी एवं मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। धमधा सहित जामुल, अहिवारा, मुरमुंदा, भिलाई-3, कुम्हारी, पाटन, जामगांव-आर, उतई एवं नगपुरा सहित विभिन्न ब्लॉकों में पेट्रोल पंपों के सामने प्रदर्शन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर व तख्तियां लेकर महंगाई की मार, भाजपा सरकार, डीजल-पेट्रोल के दाम कम करो और जनता त्रस्त, सरकार मस्त जैसे नारे लगाए। राकेश ने कहा कि आंदोलन के अगले चरणों के तहत 18 मई को खाद्य तेल एवं राशन सामग्री की बढ़ती कीमतों को लेकर बाजार क्षेत्रों में प्रदर्शन किया जाएगा। 19 मई को सराफा बाजारों में जनसंवाद किया जाएगा, जबकि 20 मई को सोशल मीडिया अभियान चलाकर महंगाई एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, अशोक कसार, राजेश मानिकपुरी, अप्पू पाल, अरुण साहू, रजत नायक, राज पटेल मौजूद थे।

मुख्यमंत्री साय ने 465 करोड़ रुपए के 102 विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

धमतरी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री, श्री विष्णुदेव साय धमतरी में आयोजित सुशासन तिहार में शामिल हुए, जिसमें उनके द्वारा 465 करोड़ रूपये के 102 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 423 करोड़ 52 लाख 56 हजार रुपये लागत के 52 कार्यों कां शिलान्यास किया गया। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में सड़क, पेयजल, अधोसंरचना एवं नगरीय सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आम नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर 41 करोड़ 50 लाख 48 हजार रुपये से अधिक की लागत के 50 कार्यों का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में संचालित विकास कार्यों, नवाचारों एवं सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 9 हजार 350 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 9 हजार 140 मांग संबंधी तथा 210 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल हैं। इनमें से 5 हजार 333 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है तथा शेष प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु विभागीय स्तर पर सतत कार्यवाही जारी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सुशासन तिहार को संबोधित करते हुए कहा कि 01 मई से 10 जून तक आयोजित सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेशभर में आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांवों में क्लस्टरवार शिविर लगाकर आम लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान के पूर्व राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें हजारों लोगों को राहत मिली है। छत्तीसगढ़ सरकार किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीब परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। बस्तर संभाग के नक्सलमुक्त होने के बाद लगभग 20 से 22 हजार महिलाएं पहली बार महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हुई हैं। सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने दी धमतरीवासियों को सौगात

कुरूद/नवप्रदेश। सुशासन तिहार पर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने धमतरीवासियों को अनेक सौगातें दीं। उनके द्वारा अंबेडकर चौक धमतरी से रूद्री चौक तक फोरलेन सड़क, धमतरी में पेयजल इंटेकवेल, रानी दुर्गावती चौक (लक्ष्मी निवास) से बिलाईमाता मंदिर तक गौरवपथ निर्माण, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद भवन के लिए डेढ़ करोड़ रूपये की स्वीकृति तथा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए राशि की मंजूरी प्रदान करने की घोषणा की गई।

वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया

धमधा /नवप्रदेश। धमधा नगर में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे पूजा कर विधि-विधान से व्रत रखा और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी।

नगर के विभिन्न मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थित वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ उमड़ी। पूजा के दौरान महिलाओं ने वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। धार्मिक वातावरण में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा।

मान्यता है कि वट सावित्री व्रत रखने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और पति की आयु में वृद्धि होती है। इसी आस्था के साथ महिलाओं ने पूरे श्रद्धाभाव से व्रत का पालन किया।

गोबरा नवापारा क्षेत्र के ग्राम तर्री का मामला, वनकर्मी और पंच पत्नी के खिलाफ शिकायत

सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर बवाल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गोबरा नवापारा क्षेत्र के ग्राम तर्री में शासकीय वन भूमि एवं मार्ग पर कथित अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इस संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर द्वारा तहसीलदार गोबरा नवापारा को पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

जारी पत्र क्रमांक 267/वा./अविअ/2025 दिनांक 04 अगस्त 2005 के अनुसार, गोबरा नवापारा निवासी सुनील कुमार बंगानी ने शिकायत प्रस्तुत कर बताया कि उन्होंने ग्राम तर्री स्थित खसरा नंबर 579, रकबा 0.1700 हेक्टेयर भूमि विधिवत पंजीकृत बैनामे के माध्यम से क्रय की है और वे उक्त भूमि पर शांतिपूर्वक काबिज हैं।

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि उनकी भूमि तक आने-जाने के लिए शासकीय भूमि से होकर मार्ग स्थित है, जिसके मध्य भाग में वन भूमि/शासकीय भूमि खसरा नंबर 584 रकबा 0.900 हेक्टेयर स्थित है। आरोप है कि

वन विभाग के कर्मचारी दशरूराम साहू पिता पुनीत राम साहू एवं उनकी पत्नी खेबत्ती साहू, वर्तमान पंच ग्राम पंचायत तर्री, द्वारा उक्त शासकीय वन भूमि के हिस्से पर अवैध अतिक्रमण कर कवेलूपोश मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर ने संबंधित आवेदन पत्र की प्रतिलिपि तहसीलदार गोबरा नवापारा को भेजते हुए आवश्यक जांच एवं अतिक्रमण हटाने संबंधी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके अभी तक कार्रवाई लंबित है।

वनमण्डलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने का नोटिस किया जारी, स्थानीय प्रशासन ने नहीं दिखाई कोई दिलचस्पी

रायपुर वनमण्डल द्वारा ग्राम तर्री, तहसील गोबरा नवापारा स्थित वन विभाग की भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी रायपुर द्वारा 4 अक्टूबर 2024 को नोटिस जारी कर संबंधित व्यक्ति को सात दिवस के भीतर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए थे। जारी पत्र के अनुसार ग्राम तर्री, प.ह.न. 24, रा.नि.म. गोबरा नवापारा, जिला रायपुर के खसरा नंबर 584 रकबा 0.9000 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में वन विभाग के नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर वर्तमान में काष्ठागार एवं गोदाम निर्मित होने के साथ वन विभाग का अधिपत्य बताया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुख्य मार्ग किनारे वन कर्मी दशरू साहू पिता पुनीतराम साहू द्वारा कथित रूप से झोपड़ी बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। वन विभाग ने यह भी कहा है कि उक्त झोपड़ी में वर्तमान में कोई निवासरत नहीं है।

वनमण्डलाधिकारी ने नोटिस में स्पष्ट किया है कि पत्र प्राप्ति के सात दिनों के भीतर अवैध निर्माण हटाना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार को पत्राचार कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कराई जाएगी। इस मामले में वनमण्डलाधिकारी दन्तेवाड़ा को भी अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रतिलिपि भेजी गई है तथा संबंधित को नोटिस की प्रति सौंपकर प्राप्ति अभिस्वीकृति भेजने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके जिम्मेदारों ने नोटिस का प्रतिपालन कराने के बजाय चुप्पी साध ली है।

पंच पत्नी ने शासन को किया गुमराह

वन कर्मी दशरू साहू की पत्नी खेबत्ती साहू वर्तमान में ग्राम पंचायत की पंच है। उन्होंने निर्वाचन की प्रक्रिया में जानकारी छुपाकर शासन को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास किया है। उन्होंने यह जानकारी छिपाई की वर्षों से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है। वर्तमान में उस कच्चे अतिक्रमण की आड़ में पक्का निर्माण कार्य करवा कर प्रशासन को ठेंगा दिखाने का प्रयास कर रही है। अब देखना होगा कि राजस्व विभाग इस मामले में कितनी तेजी से जांच कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई करता है।

10 टन लोहे का स्क्रैप मिला अवैध कबाड़ यार्ड सील

■ बसना पुलिस की कार्रवाई, एनएच-53 किनारे संचालित हो रहा था अवैध स्क्रैप कारोबार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में संदिग्ध संपत्तियों के भंडारण और कबाड़ के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बसना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-53 स्थित ग्राम सिरको में संचालित एक अवैध कबाड़ एवं स्क्रैप यार्ड पर छापामार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में संदिग्ध लोहा स्क्रैप जब्त किया है। पुलिस ने मौके पर ही पूरे यार्ड को सील कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 मई 2026 को थाना बसना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिरको स्थित एक स्क्रैप यार्ड का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान यार्ड संचालक तनवीर दानी (40) की उपस्थिति में यार्ड की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में लोहा स्क्रैप बरामद हुआ, जिसमें पुरानी मशीनें, पंप, साइकिल, मोटरसाइकिल के पाट्र्स, लोहे के एंगल, पाइप, पुराने टीन, कूलर, पंखे सहित अन्य कबाड़ सामग्री शामिल है। बरामद सामग्री का कुल अनुमानित वजन करीब 10 टन बताया गया है।

पुलिस ने यार्ड संचालक से बरामद सामग्री के संबंध में वैध दस्तावेज, खरीद-बिक्री के बिल एवं व्यापार अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्रस्तुत करने कहा, लेकिन वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

भाजपा जिला पदाधिकारियों ने किया सीएम का स्वागत

कुरुद/नवप्रदेश। जिला स्तरीय सुशासन तिहार में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज एक दिवसीय प्रवास पर धमतरी पहुँचे। सीएम साय का हेलीपैड पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर सांसद रूपकुमारी चौधरी,सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी ने स्वागत किया। जिनमेजिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, पिंकी ध्रुव, श्रवण मरकाम, व प्रीतेश गांधी, राजेश शर्मा, प्रकाश बैंस आदि गणमान्य जनों ने उनकाआत्मीय स्वागत किया।

पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों का पावन व्रतवट सावित्री पूजा

खरोरा/नवप्रदेश। प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा के अनुसार, प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या को सुहागिन महिलाएं वट सावित्री का व्रत और पूजन करती हैं। इस दिन सुबह से ही घरों में पूजा की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। पूजा में पके हुए आम और भीगे कच्चे चने का भोग लगाया जाता है। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर वट यानी बरगद के वृक्ष के पास पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। परंपरा के अनुसार, वट वृक्ष की 7 या 12 बार परिक्रमा करते हुए कच्चे सूत जिसे 'कुंवारा धागा' भी कहा जाता है, पेड़ के तने पर लपेटा जाता है। पूजन के उपरांत महिलाएं फलाहार करती हैं और प्रसाद बच्चों में वितरित किया जाता है। कई स्थानों पर महिलाएं अपने पति के चरण धोकर चरणामृत ग्रहण करती हैं, आंचल से उन्हें हवा करती हैं और प्रसाद खिलाकर भगवान से पति की लंबी आयु व अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। मान्यता है कि सावित्री ने इसी व्रत के प्रभाव से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे।

निधन: पवन कुमार यदु

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। राजिम नगर के पवन कुमार यदु का 16 मई, शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 17 मई 2026, रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ आशीष यदु, अभिनव यदु के पिता थे।

राष्ट्रीय स्तर पर बनी महिला सशक्तिकरण समिति, सदस्य बनी सांसद लक्ष्मी वर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सांसद डॉ डी पुरंदेश्वरी के नेतृत्व में 'महिला सशक्तिकरण समिति' के सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ से राज्य सभा के लिए निर्वाचित लक्ष्मी वर्मा को भी इस टीम में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

श्रीमती वर्मा ने सदस्य के रूप में नामित किए जाने पर लोकसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है। राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए काम करना राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। इस गरिमामयी समिति के सदस्य के रूप में, मैं पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों को उठाने और उनके नीतिगत समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहूँगी। इस बीच श्रीमती वर्मा के महिला सशक्तिकरण समिति के सदस्य नामित होने पर उन्हें लगातार टेलीफोन पर और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगातार बधाई संदेश मिल रहा है।

एंबुलेंस में गूंजी नवजात की किलकारी

108 संजीवनी एक्सप्रेस टीम ने कराया सुरक्षित प्रसव

नगरी/नवप्रदेश। गर्भवती महिला को बेहतर उपचार के लिए सिविल अस्पताल नगरी से जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ने पर 108 संजीवनी एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा और नवजात दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम महुआबहारा, विकासखंड नगरी निवासी 29 वर्षीय खिलेश्वरी नेताम को प्रसव पीड़ा होने पर सिविल अस्पताल नगरी में भर्ती कराया गया था। महिला की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया। धमतरी ले जाते समय रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा अचानक तेज हो गई और स्थिति गंभीर हो गई। ऐसे समय में 108 एंबुलेंस के स्टाफतोयेंद्र वर्मा एवं कुलदीप सिंह ने घबराए बिना तत्काल निर्णय लेते हुए ईआरसीपी डॉक्टर के मार्गदर्शन में एंबुलेंस को सुरक्षित स्थान पर रोका और आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया अपनाते हुए महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। कुछ ही देर में महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। एंबुलेंस स्टाफ ने नवजात और जच्चा की प्राथमिक देखभाल की तथा बाद में दोनों को वापस सिविल अस्पताल नगरी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में दोनों की हालत सामान्य और स्वस्थ बताई जा रही है।

कांग्रेसियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर किया प्रदर्शन

■ 2014 से लेकर आज तक सिर्फ महंगाई बढ़ाने का काम किया प्रधानमंत्री ने: इंद्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। देश में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर विभिन्न राज्यों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। कई राजनीतिक दलों और किसान संगठनों ने महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफप्रदर्शन किया। रविवार को स्थानीय कांग्रेस जनों ने भी एक पेट्रोल पंप के समीप जमकर हल्ला बोलते हुए अपना विरोध दर्ज कराया,इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि देश में जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है,तब से लेकर आज तक महंगाई ने अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के खिलाफब्लाक कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर में भी कांग्रेस जनों ने जोरदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि देश में जब से प्रधानमंत्री की कमान नरेंद्र मोदी के हाथों आई है तब से लेकर आज तक देश के हर वर्ग,हर व्यापारियों,देश की महिलाओं,किसानों पर सिर्फ महंगाई की ही मार मिली है।पेट्रोल डीजल की कीमतें बढ़ने से सिर्फ वाहन मालिकों पर ही भार नहीं पड़ता,बल्कि इसका सीधा असर प्रत्येक वर्ग के लोगों को महंगाई के रूप में देखने को मिलता है।विधायक श्री साव ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थ की कीमतों के चलते,गुड्स वाहनों के किराए बढ़ जाते है,फिर उनके किराए बढ़ने से आने गुड्स की कीमत व्यापारी बढ़ा देते है और आम जनता को बढ़ी हुई कीमतों पर समान खरीदने मजबूर होना पड़ता है।

बैला जोड़ा के साथ बाइक खींचकर कांग्रेसियों ने किया अनोखा प्रदर्शन

■ सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

धमधा /नवप्रदेश। धमधा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और बढ़ती महंगाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान अनोखा दृश्य देखने को मिला। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष राज पटेल बाइक को पेट्रोल पंप तक धक्का देते हुए पहुंचे। यह प्रदर्शन पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध था। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर बैला जोड़ा को गले में फांदकर बाइक खींचते हुए पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर महंगाई के विरोध में अनूठा प्रदर्शन किया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और महंगाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है और गरीब व मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

जिला प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता ने कहा कि खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में किसान पहले से खाद की समस्या से जूझ रहे हैं और अब डीजल की महंगाई ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि यह समय कृषि कार्यों और ट्रैक्टर संचालन का सबसे अहम सीजन होता है, लेकिन बढ़ती महंगाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार को पूरी तरह विफल बताया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर उतरकर महंगाई पर नियंत्रण की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है।

खेती-किसानी: गांव के लोगों को सुबह हरी सब्जी प्रदान कर रहे, सब्जी उत्पादन से प्रतिवर्ष 3.5 लाख की आय

शिक्षा सेवा से सेवानिवृत्त प्राचार्य एमआर नाग ने अपनाई जैविक खेती

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम भीतररास के आश्रित ग्राम गढ़ियापारा निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य एम.आर. नाग शिक्षा सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी अपनी मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच से गांव में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। वर्ष 2024 में सेवा निवृत्त होने के बाद उन्होंने अपने गृह ग्राम लौटकर जैविक खेती को अपनाया और आज सब्जी उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर अन्य किसानों के लिए मिसाल बन गए हैं।

पूर्व में मकड़ी क्षेत्र में पदस्थ रहे एम.आर. नाग ने अपने घर के पास लगभग 1 एकड़ भूमि में सुव्यवस्थित सब्जी बाड़ी विकसित की है, जहां वे विभिन्न प्रकार की मौसमी एवं हरी सब्जियों की खेती कर रहे हैं। उनके खेत में भिंडी, लौकी, करेला, छुचूतिया, जरी, खट्टा भाजी, गवारफली, बरबटी सहित अनेक प्रकार की ताजी और हरी-भरी सब्जियां लहलहा रही हैं, जो उनकी मेहनत और जैविक खेती के प्रति समर्पण को दर्शाती हैं।

जिसमे एम.आर. नाग ने बताया कि वे पूरी तरह जैविक पद्धति से खेती करते हैं। खेतों में किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी या रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता। खाद के स्थान पर वे घर पर ही पारंपरिक पद्धति से जैविक खाद तैयार करते हैं और उसी का उपयोग खेती में करते हैं। उनका मानना है कि रासायनिक उर्वरकों और दवाइयों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता घटती है और लोगों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोग बाजार से रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयों का उपयोग कर खेती कर रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा पुरानी पारंपरिक पद्धतियों के माध्यम से घर पर जैविक खाद बनाकर ही खेती की जा रही है। इससे सब्जियों की गुणवत्ता बेहतर होती है, स्वाद प्राकृतिक बना रहता है और लोगों को शुद्ध एवं रसायनमुक्त भोजन उपलब्ध होता है।

एम.आर. नाग द्वारा उत्पादित ताजी जैविक सब्जियां आसपास के गांवों में भेजी जाती हैं, जहां लोग इन्हें पसंद करते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि इन सब्जियों में प्राकृतिक स्वाद बना रहता है और स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभकारी है। उनका मानना है कि यदि लोग स्वस्थ रहेंगे, तो परिवार और समाज दोनों खुशहाल रहेंगे।

उन्होंने बताया कि इस कार्य में उनके छोटे भाई प्रभु नाग और रामविलास नाग का भी महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। सामूहिक प्रयास और कम लागत वाली इस खेती से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है। खेती में खर्च बहुत कम होने के कारण लाभ अधिक मिलता है, जिससे जैविक खेती आर्थिक रूप से भी लाभदायक साबित हो रही है।

एम.आर. नाग का कहना है कि खेती केवल जीविकोपार्जन का साधन ही नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ने, स्वस्थ जीवन जीने और समाज को बेहतर दिशा देने का माध्यम भी है। उनकी इस पहल से क्षेत्र के छोटे-बड़े किसान भी जैविक खेती की ओर प्रेरित हो रहे हैं। वे किसानों को संदेश देते हैं कि यदि मेहनत, धैर्य और सही पद्धति अपनाई जाए, तो खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है। गांव में उनकी सफलता आज चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में देख रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय रहकर आत्मनिर्भर बनने की उनकी यह पहल निश्चित रूप से समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

'तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर' अभियान का हुआ आगाज

■ **यूनिसेफऔर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का संयुक्त तत्वाधान**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत ÷तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर÷ अभियान के साथ ही दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन हो रहा है। रायपुर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करने राज्य के सभी जिलों से तीन- तीन की संख्या में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स जुटे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद की आवश्यकता है। हर बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के साथ शुरू की गई मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन की इस मुहिम को पूरे छत्तीसगढ़ में हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 28 मई को अभियान का समापन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा। यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ हेड सीमा कुमार ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज हम लड़कियों की गरिमा, समानता और स्वास्थ्य सुरक्षा का अभियान शुरू कर रहे हैं। यह बालिकाओं के सशक्तिकरण का भी अभियान है। उन्होंने कहा कि यह अभियान माहवारी के मिथकों और अनावश्यक पाबंदियों को तोड़ने का काम करेगा।

यह अभियान लड़कियों तक ही सीमित नहीं रहेगा, यह लड़कों को भी माहवारी के प्रति जागरूक करेगा और उनकी समझ को बढ़ाएगा तथा झिझक को दूर करेगा। सीमा कुमार ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन जैसे विषय को स्कूलों के पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाने की मांग रखी। यूनिसेफ के व्यवहार परिवर्तन स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान से माहवारी को लेकर किशोरों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता में वृद्धि होगी। मासिक धर्म स्वच्छता व्यवहार में सुधार आएगा और इस विषय पर बात करने की झिझक दूर होगी तथा भ्रांतियों में कमी आएगी।

उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर देगा। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफकी बाल संरक्षण विशेषज्ञ चेतना देसाई, वाश स्पेशलिस्ट श्वेता पटनायक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त जी स्वामी, रेड क्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष रूपेश पाणिग्रही, राज्य मुख्यालय आयुक्त रविश गुप्ता, स्टेट कोऑडिनेटर मेंबरशिप ग्रोथ मोहम्मद सादिक शेख भी मंचासीन रहे। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) पूनम सिंह साहू ने किया तथा आभार राज्य संयुक्त सचिव बीना यादव द्वारा जताया गया।

पहले दिवस का प्रशिक्षण यूनिसेफ के एसबीसी कंसलटेंट अभिषेक त्रिपाठी, वाश ऑफिसर बिरजा कबी सतपथी, आशिष कुमार द्वारा प्रदान किया गया। दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयोजन दिलीप पटेल द्वारा किया जा रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पाण्डेय, राज्य संगठन आयुक्त द्वय अमित क्षत्रिय, जलवती साहू सहित अन्य की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का संकल्प भी दिलाया। अतिथियों द्वारा पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

इस कार्यशाला में श्री राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष श्री उमेश हथेल जिला अध्यक्ष श्री महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त श्री पी के सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट के निर्देश में जिला राजनांदगांव से मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्रीमती भारती रजक जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती पूजा शर्मा शा हाई स्कूल हरदी टेका गाइडर ने सक्रिय रूप से सहभागिता की।

संक्षिप्त खबरें

नि :शुल्क पेय जल की व्यवस्था

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनंदगांव के द्वारा ममता नगर राजनंदगांव में पेयजल की व्यवस्था किया गया चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक श्री ओम प्रकाश सहारे ने कहा गर्मी के दिनों में भीषण गर्मी के कारण कामकाजी लोगों एवं राहगीरों को अधिक पसीना आने लगता है इस कारण प्यास अधिक लगती है इस कारण पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है इस स्थिती के मध्यनजर में जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष निःशुल्क शुद्ध जल की व्यवस्था करती है इसी तारतम्य में उन्होंने कहा हमारी चैरिटी विभिन्न जन कल्याणकारी कार्य करती है जिससे देश और समाज के लोग जागरूक होते हैं

मनीषा देवी गुरु माता साहिब का आज इंदावानी में आगमन

टेड़ेसरा राजनांदगांव / नव प्रदेश । सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली प्रतिनिधि सभा दामाखेड़ा से परम पूजनीय मनीषा देवी गुरु माता साहिब का आगमन ग्राम इंदावानी में 18 मई दिन सोमवार को सुबह 8 .00 बजे से आगमन होने जा रहा है। जिसमें इंदावानी चौक से बाइक रैली चरण होते कबीर कुटी प्रांगण मैं आरती पूजा संपन्न उपरांत भेंट बंदगी आशीर्वाद का कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। साथ ही प्रातः 8:00 बजे से ग्राम झोला, इंदावानी ,कोपेडीह एवं जोरातराई में आगमन होने जा रहा है । यहजानकारी उत्तम साहू जिला प्रतिनिधि , सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली जिला मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू एवं ग्रामीण टेड़ेसरा साहू समाज के संरक्षक अंगद साहू नंद किशोर साहू नेमु चंद साहू, प्रकाश साहू , महेश साहू ने यह जानकारी दी है।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य, भवनों में निर्माण को लेकर अफसर करेंगे निगरानी

राजनांदगांव / नव प्रदेश। भू-जल स्तर बढ़ाने एंव वर्षा का पानी भूमि में जाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ससक्त माध्यम है। अतः वर्तमान परिस्थितियों में भू-जल संकट तथा आने वाले भविष्य में पानी की समस्या को ध्यान में रखकर भू-जल को सवंर्धन करने की दिशा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जाना अतिआवश्यक है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि आज शहर एवं गांव में तेजी से विकास हो रहा है, भवनो व कालोनियो के विस्तार के कारण पेड़ो की कटाई एवं सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण होने से जमीन के अंदर पानी नही पहुॅच पाता, जिससे भू-गर्भ में जल की कमी हो गयी है, जिससे नदी तालाब, कुॅआ, हैण्ड पंप का जल स्तर कम हो रहा है, जिस कारण पानी की किल्लत बढते जा रही है। भू-गर्भ मे जल स्तर बढ़ाने घरो व भवनो में रेन वाटर हावेंस्टिंग अनिवार्य रूप से लगानी चाहिए। प्रायः यह देखा जा रहा है कि भवन निर्माण के लिए नगर निगम से भवन अनुज्ञा तो प्रदान कर ली जाती है किन्तु भवन पूर्ण होने पर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने तथा भवन पूर्ण होने की सूचना नहीं दी जाती है, जिससे यह सुनिश्चित नहीं हो पाता कि भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्मित है अथवा नहीं है।

भोरमदेव पहुंचे राज्यपाल डेका पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

कवर्धा / नव प्रदेश।। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज ऐतिहासिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र भोरमदेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने जलाभिषेक कर प्रदेश एवं जिलेवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा ने भी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।राज्यपाल श्री डेका ने भोरमदेव मंदिर की स्थापत्य कला, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि भोरमदेव मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लगभग 146 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रहा भोरमदेव कॉरिडोर इस क्षेत्र के पर्यटन और समग्र विकास को नई पहचान देगा। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण से यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे स्थानीय रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के माध्यम से स्थानीय कला, संस्कृति और पारंपरिक उत्पादों को भी नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैगा विद्यार्थियों और महिलाओं से मिले राज्यपाल, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

हर घर में पढ़ाई का एक कोना हो, तभी बच्चे आगे बढ़ेंगे: डेका

■ **कबीरधाम जिले के वनांचल ग्राम ढोलबज्जा पहुंचे राज्यपाल**

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम ढोलबज्जा पहुंचकर बैगा विद्यार्थियों और बैगा महिला स्व-सहायता समूहों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपनों, पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हर घर में एक कोना सिर्फ पढ़ाई के लिए होना चाहिए। तभी बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि भले ही वे स्वयं स्कूल नहीं जा पाए हों, लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए जरूर स्कूल भेजें। उन्होंने शिक्षा दूत के रूप में कार्य कर रहे शिक्षकों और युवाओं से कहा कि वे ड्रॉप आउट बच्चों को भी फिर से स्कूल से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने विद्यार्थियों को घर और आसपास साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया और कहा कि नई पीढ़ी को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनमन योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन स्तर और औसत आयु में सुधार लाना है।

इस दौरान बैगा छात्रा हेमकुमारी ने बताया कि उसने 12वीं कक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और वर्तमान में नीट की तैयारी कर रही है। वहीं गायत्री मेंरावी ने बीएससी नर्सिंग करने की इच्छा जताई। शिक्षा दूत के रूप में कार्य कर रहे नितेश बैगा ने बताया कि वे बैगा बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हैं। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि यह गर्व की बात है कि अब बैगा समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। डॉक्टर, नर्स और अन्य क्षेत्रों में जाने का सपना देख रहे हैं तथा दूसरे बच्चों को भी प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि शासन द्वारा पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

राज्यपाल बैगा परिवारों से मिलने पहुंचे सौंपी पीएम जनमन आवास की चाबी

कवर्धा / नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल में बैगा परिवारों से मिलने ग्राम ढोलबज्जा पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्मित आवासों का अवलोकन किया और हितग्राहियों को नए घरों की चाबी सौंपी। राज्यपाल ने बैगा परिवारों से आत्मीयता से चर्चा की और शासन की योजनाओं से हो रहे बदलावों की जानकारी ली।राज्यपाल श्री डेका ने सुकरतीन बाई बैगा, संतराम मरावी एवं सुखिया बैगा को नए आवास की चाबी प्रदान की। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण की प्रक्रिया, प्राप्त राशि और योजना से मिले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी ली। हितग्राहियों ने बताया कि पक्के आवास मिलने से अब उनका जीवन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है। संतराम मरावी ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ था, जिसके लिए 2 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई। साथ ही मनरेगा के माध्यम से मजदूरी भुगतान भी मिला, जिससे आवास निर्माण कार्य पूरा करने में सहायता मिली। राज्यपाल ने आवास का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की सराहना की। इस दौरान सुकरतीन बाई बैगा ने राज्यपाल को बताया कि वे बांस से सूपा, टोकरी और ट्री गार्ड जैसे उत्पाद तैयार करती हैं तथा समूह के माध्यम से उनका विक्रय कर आजीविका चला रही हैं। राज्यपाल ने उनके कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वनांचल क्षेत्रों की पारंपरिक कला और आजीविका को बढ़ावा देना भी शासन की प्राथमिकता है।

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों तक विकास और मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में आवास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसी सुविधाओं का विस्तार कर लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव और बेहतरी लेकर आना है।

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के महानायक और विधायक अनुज शर्मा ने सेवा और सम्मान के साथ मनाया अपना 50वां जन्मदिन मुख्यमंत्री हुए शामिल

धरसीवां / कुरा। छत्तीसगढ़ी माटी के सपूत, छालीवुड फिल्म इंडस्ट्री के महानायक और पद्मश्री से सम्मानित क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा का 50वां जन्मदिन ऐतिहासिक और सेवा के नए संकल्पों का गवाह बना। उनके जीवन का यह पड़ाव 'डबल सेलिब्रेशन' के रूप में तब्दील हो गया, क्योंकि इसी वर्ष उन्होंने छत्तीसगढ़ी सिनेमा में अपने गौरवशाली और सफलतम 25 वर्ष भी पूरे कर लिए हैं। इस दोहरे अवसर को उन्होंने चकाचौंध के बजाय पूरी तरह से 'सेवा और कृतज्ञता' को समर्पित किया।इस गरिमामयी और यादगार समारोह में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने विधायक अनुज शर्मा को उनके 50वें जन्मदिन और रजत जयंती कला यात्रा पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विधायक अनुज की जमकर सराहना की। मुख्यमंत्री जी ने कहा, ÷अनुज सही मायनों में जनता के महानायक हैं। आज जिस तरह से विकास कार्यों से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों ने भाजपा पर भरोसा जताया है।

मस्ती की पाठशाला में सभी वर्ग के लोगों में उत्साह

■ **पारंपरिक खेल सहित जुम्बा डॉस एवं गीत संगीत का लोगो ने लिया मजा**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। हर रविवार को आयोजित होने वाली मस्ती की पाठशाला के प्रति लोगो का रूझान बढ रहा है। सुबह से बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग उत्साह के साथ पाठशाला में पहुचकर पारंपरिक खेल रस्सी, पिट्ठुल, रींग टास्क, साप सीडी,बेडमिंटन, तीरंदाजी, कराटे खेल का आनंद ले रहे है तथा नन्हे मुन्ने बच्चे छोटे छोटे खेलो में हिस्सा लेकर झुला, फिसल पट्टी का मंजा उठा रहे है। वही बडे बुजुर्ग स्वस्थ रहने के लिए योग का सहारा लिए। साथ ही बड़ी संख्या मे बच्चे चित्रकला में भाग लेकर अपनी भावनाओ को ड्राईग सीट मे उकेरे।

इसके अलावा मस्ती की पाठशाला का सबसे आकर्षण कार्यक्रम जुम्बा डॉस, जिसमे रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के साथ

बच्चे एवं युवा बडी संख्या में छत्तीसगढ़ी तथा हिन्दी गाने में थिरकते नजर आए। संगीत की कडी मे बाईक की इंडिया टीवीएस कम्पनी द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम में बच्चे एवं बडो ने गाना गाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कम्पनी के द्वारा विभिन्न प्रश्न पुछ कर सही जवाब देने वालो को पुरूस्कार दिए तथा विभिन्न खेलो में विजयी प्रतिभागियों को भी पुरूस्कृत किया गया। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बेडमिंटन खेल कर आनंद लिया तथा निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह वर्मा एवं पार्षदों के साथ सभी से मिलकर उनका उत्साहवर्धन कर चित्रकला के बच्चों को पुरूस्कार दिए।

महापौर श्री यादव ने कहा कि जिस सोच के साथ मस्ती की पाठशाला शुरू किया गया, उसका अच्छा रिस्पास मिल रहा है। सुबह से ही बच्चे एवं युवा बडी संख्या में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर भारतीय परंपरा से जुड़े खेल के अलावा योगा एवं जुम्बा डांस का आनंद ले रहे है। उन्होंने कहा कि रविवार के दिन छुट्टी होने के कारण सभी में आराम करने की भावना रहती है, लेकिन मस्ती की पाठशाला के लिए सुबह 5 बजे से ही उठकर छोटे छोटे बच्चे परिवार सहित पहुॅचकर आनंद उठा रहे है। उन्होंने कहा कि जनभावना के अनुरूप इसे और अच्छा करने का प्रयास किया जायेगा।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में सभी वर्ग के लोग पहुॅच रहे है, शहर के समाजिक एवं खेल जगत के लोगो के सहयोग से हर रविवार सफल आयोजन किया जा रहा है। पाठशाला के सफल संचालन के लिए निगम प्रशासन, पुलिस तथा यातायात विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए है, आगामी सप्ताहो में अच्छे आयोजन के लिए और बेहतर व्यवस्था की जावेगी। पाठशाला में आये लोगो ने पाठशाला के अच्छे आयोजन के लिए महापौर एवं निगम परिवार को धन्यवाद दिया।

अपराध: लालबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

मवेशी तस्करी का पर्दाफाश, 14 लाख से अधिक का माल जब्त

राजनांदगांव / नव प्रदेश। थाना लालबाग पुलिस ने मवेशी तस्करों के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए बुचड़खाने ले जाए जा रहे 4 नग गौवंश मवेशियों को मुक्त कराया है। पुलिस ने इस मामले में एक अशोक लीलैंड पिकअप वाहन, पायलटिंग कर रही होंडा अमेज कार, मोबाइल फोन समेत कुल 14 लाख 6 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त की है। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश, एसडीओपी डोंगरगांव श्रीमती मंजुलता बाज एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में शनिवार सुबह कार्रवाई की गई।

थाना लालबाग पुलिस को सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र की ओर एक पिकअप वाहन में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाया जा रहा है और एक कार उसके आगे पायलटिंग कर

रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर चौक पेंड्री के पास घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोक लिया।

जांच के दौरान पिकअप वाहन क्रमांक रू। 49 क्रं9132 में 4 भैंसों को ठूंस-ठूंस कर बिना चारा-पानी के भरा गया था। पुलिस ने मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराते हुए वाहन एवं अन्य सामान जब्त कर लिया। नितेश शिवरतन भंवरिया (36 वर्ष), निवासी नागपुर,शाहरुख खान (31 वर्ष), निवासी नागपुर,मोहम्मद मुबाशिर (30 वर्ष), निवासी नागपुर,मोहम्मद साजिद (38 वर्ष), निवासी नागपुर,पुलिस ने जब्त किया

4 नग मवेशी कीमत लगभग 80 हजार रुपए,अशोक लीलैंड पिकअप कीमत 10 लाख रुपए,होंडा अमेज कार कीमत 3 लाख रुपए,5 मोबाइल फोन क्ं कीमत 26,500 रुपए,कुल जब्ती की कीमत लगभग 14,06,500 रुपए बताई गई है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ), 11(1)(ज) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

फॉरेस्ट ऑफिस गेट के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, नाती घायल

नगरी / नवप्रदेश। शनिवार दोपहर करीब फॉरेस्ट ऑफिस बिरगुड़ी बड़े के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम बिरगुड़ी निवासी हरिक लाल समुंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद नाती अनुज समुंद्र घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिक लाल समुंद्र अपने नाती अनुज समुंद्र के साथ मोटरसाइकिल छोड़ने फॉरेस्ट ऑफिस बिरगुड़ी बड़े के पास गए थे। वापस लौटते समय फॉरेस्ट ऑफिस के गेट के पास अचानक एक ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि हरिक लाल समुंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।वहीं, अनुज समुंद्र की आंख में गंभीर चोट आई, जिसके बाद प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे बेहतर इलाज के लिए धमतरी रेफर किया गया।

न्यूज गैलरी

जिला प्रशासन की पहल से मोहितराम को मिला जमीन पर कब्जा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की त्वरित कार्यवाही से लोगों की राजस्व सम्बंधित समस्याओं का समाधान हो रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर एसडीएम व तहसीलदार बलौदाबाजार द्वारा शनिवार को मोहितराम वर्मा के ग्राम अर्जुनी में स्थित पुश्तैनी जमीन पर अतिक्रमण हटाकर कब्जा दिलाया गया। अपनी पुश्तैनी जमीन के कब्जे को लेकर पिछले कई वर्षो से संघर्षरत मोहित राम वर्मा को जब राजस्व अधिकारियों एवं अनावेदक की उपस्थित में शांति पूर्ण ढंग से कब्जा दिलाया गया तो उसके चेहरे पर खुशी के भाव झलक उठे। मोहित राम ने जिला प्रशासन की इस त्वरित कार्यवाही की भूरी भूरी प्रशांसा करते हुए कहा कि मेरी वर्षो पुरानी समस्या का अब समाधान हो गया हैं, इसके लिये शासन प्रशासन को धन्यवाद देता हूं। एसडीएम बलौदाबाजार प्रकाश कोरी ने बताया कि शनिवार तहसील बलौदाबाजार के ग्राम अर्जुनी, पहन. 10 में मौके पर तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, ग्रा? कोटवार, आवेदक मोहितरल राम वर्मा, अनावेदकगण हीरालाल वर्मा एवं जवाहर वर्मा उपस्थित थे। आवेदक मोहितराम की आवेदित भूमि खसरा नंबर 183 रकबा 0.615 का कब्जा अनावेदकगण एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से दिलाया गया। मौके पर जेसीबी के द्वारा मोहितराम की जमीन को चिन्हांकित कराया गया जिस पर अनावेदकगण को कोई आपति नहीं है।मौके पर पंचनामा तैयार किया गया।

18 से 25 मई तक चलेगा जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 18 से 25 मई तक जिले में जन भागीदारीदृसबसे दूर, सबसे पहले अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत गांवों में संचालित होगा।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अभियान हेतु सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। अभियान के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पोषण और पेयजल जैसी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा। अधिकारी गांवों में पहुंचकर जन सुनवाई करेंगे तथा ÷आदि सेवा केन्द्रों÷ में शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।अभियान में सिकल सेल और टीबी जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। डिजिटल मॉनिटरिंग के तहत प्रतिदिन फोटो, वीडियो और लाभार्थियों के बयान ÷आदि प्रसारण÷ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, एनएसएस, एनसीसी और स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान का समन्वय सुशासन तिहार और जनजातीय गरिमा उत्सव से भी किया जाएगा।

नगरी विकासखंड के विभिन्न शासकीय दफ्तरों में 10 साल से जमे हैं कई कर्मचारी

प्रशासनिक व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के तहसील कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय, वन विभाग, बीईओ कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, डाइट नगरी, जनपद पंचायत नगरी सहित विभिन्न शासकीय विभागों में कई कर्मचारी पिछले लगभग 10 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें बाबू, चपरासी तथा अन्य कर्मचारी शामिल हैं, जो लंबे समय से एक ही कुर्सी पर जमे हुए हैं। इस स्थिति को लेकर आम नागरिकों के साथ-साथ विभागीय कार्यों से जुड़े लोगों के बीच चर्चा और असंतोष का माहौल बना हुआ है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शासकीय विभागों में समय-समय पर कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक पारदर्शिता, कार्यकुशलता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आवश्यक होता है। लेकिन नगरी विकासखंड

के कई विभागों में वर्षों से एक ही कर्मचारी पदस्थ हैं, जिससे कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

विशेष रूप से तहसील कार्यालय, वन विभाग तथा अन्य प्रमुख कार्यालयों में बाबू, चपरासी और अन्य कर्मचारी लंबे समय से एक ही पद और स्थान पर कार्यरत हैं। लोगों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहने से कार्यों में पारदर्शिता प्रभावित होती है और आम जनता को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कई नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ कर्मचारी अपने प्रभाव और पुराने संबंधों के कारण वर्षों से स्थानांतरण से बचे हुए हैं, जिससे नई कार्यशैली और प्रशासनिक सुधारों को लागू करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। शासन की मंशा होती है कि विभागीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हों और जनता को समय पर सुविधाएं प्राप्त हों, लेकिन लंबे समय से जमे कर्मचारियों के कारण यह उद्देश्य प्रभावित होता दिखाई दे रहा है।

एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि वह अपने एक जरूरी कार्य को लेकर कई बार कार्यालय के चक्कर लगा चुका है, लेकिन अब तक उसका काम पूरा नहीं हो पाया। लोगों में चर्चा है कि बिना लेन-देन के कई कार्य लंबित पड़े रहते हैं, जिससे आम नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मांग की है कि ऐसे कर्मचारियों की सूची तैयार कर शासन स्तर पर समीक्षा की जाए तथा वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों का स्थानांतरण कर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाया जाए।

साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, नशा मुक्ति और गौ तस्करी रोकथाम को लेकर जिलेभर में जनजागरण अभियान

'नवा बिहान' अभियान के तहत पुलिस की बड़ी पहल

1500 से अधिक लोग हुए लाभान्वित, संवाद व्हाट्सएप हेल्पलाइन 9479229939 जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस द्वारा आम जनता को जागरूक, सतर्क और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिलेभर में ÷नवा बिहान÷ जनजागरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस टीम हाट-बाजार, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड, बैंक, चौक-चौराहों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी, नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा एवं गौ तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूक कर रही है।

पुलिस द्वारा मोबाइल उपयोगकर्ताओं, स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं बुजुर्गों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए जा रहे हैं। अभियान के दौरान लोगों को फेक ट्रेडिंग ऐप, सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर ठगी, एपीके फाइल लिंक और सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे अपराधों से सावधान रहने की सलाह दी गई।

'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर ठगी से सावधान रहने की सलाह

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आजकल अपराधी पुलिस, सीबीआई या जज बनकर वीडियो कॉल करते हैं और ÷डिजिटल अरेस्ट÷ के नाम पर लोगों को डराकर पैसे वसूलते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल पर पैसे की मांग नहीं करती। ऐसे मामलों में घबराने के बजाय तत्काल शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंच रही पुलिस टीम

'नवा बिहान' अभियान के तहत थाना सांकरा के ग्राम छुईपाली बाजार, थाना सिंघोड़ा के ग्राम द्वारतलाकला बाजार, चौकी टूहलु, पिथौरा लाखागढ़ चौक, ग्राम भंवरपुर एवं बल्दीडीह हाट बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप, महिला संबंधी अपराध, यातायात नियम एवं नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी गई।

सोशल मीडिया पर सतर्क रहने की अपील

पुलिस ने लोगों को सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने, व्यक्तिगत एवं संवेदनशील जानकारी साझा न करने तथा मोबाइल में मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह दी। साथ ही व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन ऑन रखने के लिए प्रेरित किया गया।

साइबर ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

पुलिस ने नागरिकों को बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या ? पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही निकटतम साइबर सेल या थाने में भी सूचना देने की अपील की गई।

'संवाद' हेल्पलाइन बनी जनता की मददगार

जिला पुलिस ने आमजन की सुविधा के लिए ÷संवाद÷ शिकायत हेल्प डेस्क की शुरुआत की है। इसके लिए व्हाट्सएप नंबर 9479229939 जारी किया गया है। इस नंबर पर लोग किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना दे सकते हैं। पुलिस ने बताया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। हेल्पलाइन में गुप्त सूचना एवं सामान्य शिकायत दर्ज कराने के अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं।

450 लीटर महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

पुरानी मारुति वैन में सारंगढ़-बिलाईगढ़ से लाई जा रही थी शराब, 1.25 लाख की संपत्ति जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने दर्राभांठा स्थित 132 केवी बिजली ऑफिस के पास नाकाबंदी कर एक मारूति वैन से 450 लीटर महुआ शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 मई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पुरानी मारुति वाहन क्रमांक सीजी 04 एचए 3326 में भारी मात्रा में महुआ शराब लेकर सारंगढ़ रोड से सरायपाली की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिजली ऑफिस 132 केवी दर्राभांठा के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में रखे 15 प्लास्टिक ड्रमों से कुल 450 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 90 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार शराब को सारंगढ़-बिलाईगढ़ क्षेत्र से लाकर सरायपाली में खपाने की योजना थी।

आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए पुरानी मारुति वैन का इस्तेमाल कर रहा था। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम फगुलाल थुरिया (26 वर्ष) निवासी शांति नगर कनकबीरा, पुलिस चौकी कनकबीरा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर 17 मई को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

शराब दुकान के खिलाफ उग्र आंदोलन

तीसरे दिन भी रातभर खुले आसमान के नीचे डटीं ग्रामीण महिलाएं

छुरिया/नवप्रदेश। गैंदाटोला-नुन्हाटोला मार्ग स्थित शासकीय शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। अनिश्चितकालीन धरने के तीसरे दिन भी आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा। गांव की महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर रातभर धरना स्थल पर खुले टेंट के नीचे जमीन पर सोने को मजबूर हैं, लेकिन प्रशासन की चुप्पी पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

धरना स्थल का दृश्य गांव की पीड़ा और संघर्ष को साफबयां कर रहा है। महिलाएं दिनभर आंदोलन करने के बाद रात में भी धरना स्थल नहीं छोड़ रहीं। कोई चादर बिछाकर जमीन पर सो रहा है तो कोई छोटे बच्चों को गोद में लेकर रात गुजारने को विवश है। महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान खुलने से गांव का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है, परिवार प्रभावित हो रहे हैं और युवाओं पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। इसी कारण गांव की महिलाएं अपने घरों की जिम्मेदारियां छोड़कर दिन-रात आंदोलन में शामिल हैं।

महिलाओं का दर्द: रातभर धरना स्थल पर गुजरी रात

धरना स्थल पर रात का मंजर बेहद भावुक और संघर्षपूर्ण नजर आया। छोटे-छोटे बच्चों के साथ महिलाएं खुले टेंट के नीचे जमीन पर रात बिताने को मजबूर दिखीं। किसी के पास बिस्तर नहीं तो कोई चादर ओढ़कर पूरी रात धरना स्थल पर डटी रही। महिलाओं ने कहा कि गांव और आने वाली पीढ़ी को शराब के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए वे हर संघर्ष झेलने को तैयार हैं और मांग पूरी होने तक पीछे नहीं हटेंगी।

ग्रामीणों और महिलाओं का आरोप है कि शराब दुकान के कारण गांव का सामाजिक वातावरण बिगड़ रहा है। आए दिन शराबियों की आवाजाही से महिलाओं, बहन-बेटियों और विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंदोलनकारियों ने प्रशासन से तत्काल शराब दुकान हटाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब महिलाएं और छोटे बच्चे रातभर सड़क किनारे संघर्ष करने को मजबूर हैं, तब भी जिम्मेदार अधिकारी मौन क्यों हैं? गांव में अब एक ही मांग गूंज रही है– शराब दुकान हटाओ, गांव बचाओ।

जोरातराई में दूध खरीदी केंद्र का शुभारंभ, ग्रामीणों को मिला पानी टैंकर

कुरुद/नवप्रदेश। ग्राम जोरातराई (अ) में ग्रामीण विकास और किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए माननीय श्री अजय चंद्राकर जी विधायक कुरूद एवं कैबिनेट मंत्री के निर्देश एवं मार्गदर्शन में सरकारी दुग्ध समिति का गठन किया गया। इसी क्रम में शनिवार को गांव में दूध खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। इससे क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक किसानों को अब अपने गांव में ही दूध विक्रय की सुविधा मिल सकेगी।

कार्यक्रम के दौरान गर्मी के मौसम में बढ़ते जल संकट को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती पूजा राजू सिंहा द्वारा 15वें वित्त मद से 2.50 लाख रुपये की लागत का पानी टैंकर भी ग्रामवासियों को प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूजा राजू सिन्हा, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं सरपंच श्रीमती पूर्णिमा साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामस्वरूप

साहू, उपसरपंच ईश्वर निषाद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नंदकुमार साहू, बंसीलाल साहू, धनसिंह साहू, पंचम पाल, मानसिंह साहू, धनसाय साहू, अशोक पाल, मानक लाल साहू, गोपाल सिंह राजपूत, संतोष साहू, प्रकाश निषाद, प्यारेलाल पाल, सुखीराम पाल, लक्ष्मण पाल, देवनारायण साहू, बालमुकुंद साहू, सुरजीत तारक, प्रकाश तारक, नंदकुमार हिरवानी, कोदूराम साहू, भिखारी साहू, टेकराम निर्मलकर, कैलाश साहू, रोहित दास वैष्णव, गोविंद साहू, दीनदयाल निषाद, खेलन साहू, हरिश्चंद्र तारक, गणेश साहू, दुर्गेश यदु, श्रीमती शारदा साहू, हिरमेश साहू, यामिनी यदु, मोगरा साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

धमधा में कांग्रेस की बैठक में गरमाई सियासत पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने सरकार पर बोला हमला

पेट्रोल-डीजल संकट और खाद की कमी पर कांग्रेस का हल्लाबोल, जनहित के मुद्दों पर आंदोलन तेज करने का ऐलान

धमधा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा द्वारा आयोजित बैठक में मंगलवार को राजनीतिक माहौल गरमा गया। बैठक में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पेट्रोल-डीजल संकट, खाद की कमी और बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसान और आम जनता परेशान हैं, लेकिन सरकार समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा का जन्मदिन भी कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में जिले और मंडल स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

रविंद्र चौबे ने कहा कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही है और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय केवल प्रचार में लगी हुई है।

बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाने की घोषणा की। रविंद्र चौबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर स्तर पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों और जिला पदाधिकारियों को जनहित के मुद्दों को लेकर गांव-गांव तक पहुंचने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। बैठक में महंगाई, किसानों की समस्याएं, खाद संकट और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आने वाले समय में जनता की आवाज को लेकर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जीवन वर्मा,जीवन निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा, ज्वाला साहू, रामकुमार,संतलाल बंजारे,हिम्मत ढीमर,बंटी वैष्णव,अरुण साहू, देवेंद्र चंदेल,योगेश साहू, रेवा बंजारे, यगेंद्र दिल्लीवार,धर्मेंद्र साहू, सुमंत ताम्रकार, निर्मल जैन, आरिफ कुरैशी, अग्नू पाल, चंद्रशेखर वर्मा, डामन वर्मा, देवनाथ सोनकर, टीकाराम उमरे, त्रिलोकी पटेल, हरकराम साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पैरी नदी उद्गम स्थल के विकास को पर्यटन बोर्ड का सकारात्मक संकेत

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र स्थित भाटीगढ़ (मातागढ़) पहाड़ी पर पैरी नदी उद्गम स्थल के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकास की मांग अब असर दिखाने लगी है। भाजपा जिला मंत्री डॉ. मनीष कुमार सिन्हा द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भेजे गए मांग पत्र के बाद छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया है। पर्यटन बोर्ड द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि मैनपुर क्षेत्र का यह स्थल पहले से ही जिले के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में शामिल है और भविष्य में यदि पर्यटन विकास की कोई योजना बनती है तो डॉ. मनीष सिन्हा के सुझाव को उसमें शामिल करने पर विचार किया जाएगा। डॉ. मनीष सिन्हा ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि पैरी नदी का उद्गम स्थल प्राकृतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। यहां सड़क, सीढ़ी, व्यू प्वाइंट, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का विकास होने से यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल हो सकता है। इस पहल से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही आदिवासी अंचल की सांस्कृतिक पहचान को भी नई पहचान मिलेगी।क्षेत्रवासियों में इस सकारात्मक पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में पैरी नदी उद्गम स्थल प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा।

पेज 1 का शेष...

मोदी की गारंटी से बदल रहा...

रायगढ़ के विकास के लिए लगातार नए कार्य किए जा रहे हैं और सिंदूर पार्क उसी सोच का परिणाम है। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड और संबंधित अधिकारियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि लगभग 4 एकड़ 30 डिसमिल क्षेत्र में विकसित यह पार्क शहर के सौंदर्य और नागरिक सुविधाओं को नई पहचान देगा।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह...

पहल है, जिसके माध्यम से पुलिस सेवा, फायर सर्विस, मेडिकल इमरजेंसी सहायता, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, आपदा प्रबंधन सहायता तथा हाईवे इमरजेंसी जैसी सेवाओं को एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे नागरिकों को त्वरित एवं समन्वित सहायता सुनिश्चित हो रही है।

बस्तर में बदलाव की...

जीवन स्तर में एक क्रांतिकारी सुधार आया है। सड़क और संचार सुविधाओं के इस अभूतपूर्व विस्तार ने छिंदगुर जैसे गांवों को सीधे जिला मुख्यालय से जोड़ दिया है, जिसे सरपंच श्री सुकमन नाग सरकार की अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने की प्रतिबद्धता का परिणाम बताते हैं। कनेक्टिविटी बेहतर होने का सबसे बड़ा और सीधा लाभ ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति पर पड़ा है, क्योंकि अब वे अपनी वनोपज और कृषि उत्पादों को बिना किसी बाधा के सीधे मंडियों तक ले जा पा रहे हैं।

पांच लाख रुपए रिश्वत...

अनफिट सर्टिफिकेट को फीट कर देंगे कहा था, पैसे नहीं देने पर फेल करने की धमकी देकर कुछ रकम ले लिए थे। अभ्यर्थी की शिकायत के बाद सीबीआई ने कार्रवाई की। शनिवार को एक आरोपी रायपुर से, दूसरा आरोपी दुर्ग से पकड़ा गया। इस पूरे मामले में जांच जारी है।

शिकायत के बाद दोनों गिरफ्तार: शिकायत के बाद अधिकारियों ने आरोपियों को पकड़ने की प्लानिंग की। 16 मई को टीम ने बी. राजशेखर राव को दुर्ग के न्यू पुलिस लाइन स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया। वहीं राजलक्ष्मी को रायपुर स्थित डीआरएम ऑफिस से हिरासत में लिया गया।

त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस...

कारणों की जांच कर रही हैं। बता दें कि सुबह करीब 5:30 बजे लूणी-विक्रमगढ़ के बीच ट्रेन के बी-1 कोच में आग लग गई। गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी, जिसके बाद ट्रेन को तत्काल रोका गया। वहीं, कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा है। रेलवे के अनुसार यह घटना लूणी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच हुई। सुबह करीब 5:30 बजे बी-1 कोच से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद तुरंत इमरजेंसी कार्रवाई शुरू की गई।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति...

वैधानिक संरक्षण से सुनिश्चित होती है। 2023 का कानून इन सभी प्रावधानों को बरकरार रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता जोड़ता है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट के 2 मार्च 2023 के अनूप बरनवाल फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने उस समय अंतरिम व्यवस्था के तौर पर सीजेआई को चयन समिति में शामिल करने की बात कही थी, जो केवल तब तक लागू थी जब तक संसद इस संबंध में कानून न बना दे। सरकार ने यह भी कहा कि अब तक नियुक्त किसी भी चुनाव आयुक्त की योग्यता या निष्पक्षता पर कोई सवाल नहीं उठाया गया है। साथ ही, याचिकाकर्ताओं के इस आरोप को भी खारिज किया गया कि न्यायपालिका के बिना चयन समिति पक्षपातपूर्ण हो जाएगी।

16 साल से भटक रहे किसान...

पहले की खबर पर अफसरों ने अब संज्ञान लिया है और इसमें बकायदा नवप्रदेश की कतरन लगी है। वहीं यह भी चर्चा है कि अफसरों ने एक साल तक क्या किया। दरअसल, वर्ष 2009 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में कोपरा से भेण्ड्री मार्ग का निर्माण किया गया था। प्रभावित किसानों को वर्ष 2012 में मुआवजा राशि भी दे दी गई, लेकिन उसके बाद प्रशासन अपनी जिम्मेदारी ही भूल बैठा। सड़क निर्माण के बाद जिन जमीनों का नक्शा-खसरा और बटांकन दुरुस्त होना था, वह आज तक अधर में लटका हुआ है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि कोपरा पटवारी हल्का क्षेत्र की जमीन का रिकॉर्ड सुधर गया, लेकिन भेण्ड्री पटवारी हल्का के किसानों की फाइलें आखिर किस 'कुंभकर्णी नींद' में दबाकर रख दी गईं?

वकीलों की सुरक्षा भगवान...

वहां एक होनहार आदिवासी महिला अधिवक्ता की ऐसी नृशंस हत्या हो जाती है। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जो सरकार की अकर्मण्यता को दर्शाता है। साफ दिख रहा है कि यह डबल इंजन तंत्र अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाय सिर्फ अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने में लगा है। साय सरकार का पूरा ध्यान जमीनी कानून-व्यवस्था को सुधारने पर नहीं, बल्कि अपने शीर्ष नेताओं की झूठी छवि और पीआर चमकाने पर केंद्रित है।

छत्तीसगढ़ में एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करें: डॉ. महंत ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि राज्य सरकार आखिर एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट को प्रदेश में लागू करने से क्यों भाग रही है।

फिट बस्तर-हिट बस्तर अभियान बना शांति और स्वास्थ्य का संदेश

त्रिदिवसीय विराट योग उत्सव का समापन, प्रतिभागियों का सम्मान कर बढ़ाया उत्साह, त्रिदिवसीय विराट योग उत्सव का समापन, प्रतिभागियों का सम्मान कर बढ़ाया उत्साह

बस्तर से विश्व तक जाएगा सकारात्मक संदेश

जगदलपुर/नवप्रदेश। विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल के अंतर्गत आयोजित 'फिट बस्तर-हिट बस्तर' त्रिदिवसीय विराट योग उत्सव का रविवार को भव्य समापन हुआ। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन एवं पतंजलि योग समिति बस्तर के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 17 मई तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में योग साधकों,सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा युवाओं ने सहभागिता निभाई। समापन अवसर पर योग शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि बस्तर अब शांति और विकास की नई पहचान बन रहा है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से पुनर्वास शिविरों से जुड़े ग्रामीण नक्सलवाद छोड़कर राष्ट्रवाद की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। जो लोग कभी बंदूक की भाषा बोलते थे,वे आज योग के जरिए स्वस्थ जीवन और सकारात्मक सोच की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर से निकल रहा यह संदेश अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेगा और इसकी जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंचाई जाएगी।

योग सत्र का संचालन करते हुए पतंजलि योग समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज पाणिग्राही ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि समाज को जोड़ने वाली शक्ति बन चुका है। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी हिंसा के रास्ते पर थे,वे आज अनुलोम-विलोम और योगाभ्यास के माध्यम से आत्मबल और मानसिक शांति प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए सकारात्मक संकेत है। शिविर में योग साधकों को स्वस्थ जीवनशैली, प्राकृतिक चिकित्सा और नियमित योगाभ्यास के महत्व की जानकारी भी दी गई।

स्वास्थ्य ही संपदा थीम पर चला योग महाअभियान

त्रिदिवसीय योग उत्सव में योगाभ्यास के साथ स्वास्थ्य परीक्षण और प्राकृतिक चिकित्सा का विशेष आकर्षण रहा। शिविर में शुगर, बीपी और वजन की जांच की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा जल नेती,आई वॉश,कर्ण पूरण तथा औषधीय पेय का लाभ भी योग साधकों ने लिया।स्वास्थ्य ही संपदा थीम पर आयोजित इस अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आयोजन के दौरान योग के माध्यम से स्वस्थ और सकारात्मक समाज निर्माण का संदेश दिया गया।

बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद

■ अब जटिल बीमारियों के इलाज के लिए बाहर जाने की मजबूरी होगी खत्म

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा डिमरापाल स्थित कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल अब क्षेत्रवासियों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा है। शुक्रवार को बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर वहां उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं और व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान अस्पताल के डायरेक्टर रघु एन रेड्डी ने प्रतिनिधिमंडल को सुविधाओं की जानकारी देते हुए आधुनिक चिकित्सा व्यवस्थाओं से अवगत कराया।

अब यह कमी काफी हद तक दूर होती दिखाई दे रही

चैंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी ने कहा कि लंबे समय से बस्तर क्षेत्र में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी और अब यह कमी काफी हद तक दूर होती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि अब गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को 300 किलोमीटर दूर बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा,बल्कि उन्हें अपने घर के पास ही आधुनिक इलाज उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल को बस्तरवासियों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि इस संस्थान को सफल और जनहितकारी बनाए रखने में पूरे समाज की भागीदारी आवश्यक है।

चैंबर प्रतिनिधियों ने अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर स्थित रेडियोलॉजी,रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी सेवाओं का निरीक्षण किया। ओपीडी विभाग में चैंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी और कोषाध्यक्ष श्रीधर राव मद्दी ने अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से अपने व्हाइटल्स भी जांच करवाए। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने एंडोस्कोपी यूनिट, ब्लड बैंक,डायलिसिस रूम, कैथलैब, ऑपरेशन थियेटर, किचन और लॉन्ड्री सहित अन्य चिकित्सकीय एवं गैर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों की सुविधा और त्वरित उपचार व्यवस्था को लेकर किए गए इंतजामों की पदाधिकारियों ने सराहना की। अस्पताल की सेवाओं और आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए चैंबर पदाधिकारियों ने इसे बस्तर में स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि और नई क्रांति बताया। इस दौरान कॉन्टिनेंटल छग सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर रघु एन रेड्डी, बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी, उपाध्यक्ष विमल बोथरा, कोषाध्यक्ष श्रीधर राव मद्दी, महासचिव राजकुमार दण्डवानी और मंत्री गजेंद्र चांडक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रेत माफियाओं पर मेहरबान तंत्र !

■ खनिज विभाग और पुलिस की मिलीभगत से धड़ल्ले से चल रहा अवैध कारोबार- चंदन कश्यप

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में इन दिनों रेत का अवैध कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। नदी-नालों से बिना अनुमति रेत निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली और टिप्परों के माध्यम से खुलेआम परिवहन किया जा रहा है। आरोप है कि इस पूरे अवैध कारोबार पर प्रशासनिक कार्रवाई न होने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने खनिज विभाग और पुलिस विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विभागीय संरक्षण के बिना इतने बड़े स्तर पर अवैध रेत कारोबार संभव नहीं है।

चंदन कश्यप ने कहा कि थाना क्षेत्रों के सामने से रेत से भरे वाहन लगातार गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भानपुरी क्षेत्र सहित कई इलाकों में प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉली और टिप्परों में रेत भरकर परिवहन किया जा रहा है। इसके बावजूद खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन मौन साधे हुए उन्होंने कहा कि शासन को प्रतिदिन लाखों रुपए के राजस्व नुकसान हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने के बजाय आंखें मंटे बैठे हैं।रेत माफिआओं पर मेहरबान तत्र !पूव । वेधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मकानों का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे रेत की मांग बढ़ गई है। इसी का फायदा उठाकर रेत माफिया बिना फिटपास और अनुमति के अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आम ग्रामीणों के ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करने वाला खनिज विभाग रसूखदारों के खिलाफ मौन बना हुआ है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

चंदन कश्यप ने विशेष रूप से भानपुरी थाना क्षेत्र के बड़े आमाबाल पंचायत का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां खुलेआम अवैध रेत परिवहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि खनिज विभाग चाहे तो तत्काल कार्रवाई संभव है, लेकिन विभाग की निष्क्रियता कई संदेह पैदा कर रही है।

दिन-रात दौड़ रहे रेत से भरे वाहन,कार्रवाई शून्य

भानपुरी और आसपास के क्षेत्रों में नदी-नालों से लगातार अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात से लेकर दिनभर ट्रैक्टर-ट्रॉली और टिप्परों के जरिए रेत का परिवहन जारी रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस और खनिज विभाग को इसकी पूरी जानकारी होने के बावजूद कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे रेत माफियाओं का नेटवर्क लगातार मजबूत होता जा रहा है और शासन को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

फरसगांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने में व्यापारियों की भूमिका अहमः सीएमओ मयंक बसन्तवानी

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू; अब 4 श्रेणियों में करना होगा कचरे का वर्गीकरण

फरसगांव/नवप्रदेश। नगर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने में स्थानीय व्यापारियों एवं दुकानदारों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली 2016 में व्यापक सुधार करते हुए नए 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026' को गत 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। इन नवीन प्रावधानों की बारीकियाँ आम नागरिकों और व्यावसायिक वर्ग तक पहुँचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत फरसगांव में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और दुकानदारों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

नए नियमों में 4 श्रेणियों में बंटेगा कचरा

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) मयंक कुमार बसन्तवानी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के नवीन तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए नियमों के तहत अब कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों में पृथक करना अनिवार्य होगा, जिसके लिए नगर पंचायत की स्वच्छता वाहन और स्वच्छता दीदियां अलग-अलग ही कचरा एकत्रित करेंगी। वर्गीकरण का प्रारूप इस प्रकार तय किया गया हैः

हरा डिब्बाः गीला कचरा (रसोई व खाद्य अपशिष्ट)

नीला डिब्बाः सूखा कचरा (प्लास्टिक, कागज, गत्ता आदि)

काला डिब्बाः विशेष देखभाल वाला कचरा (बैटरी, चार्जर, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट)

पीला डिब्बाः सैनिटरी अपशिष्ट (डायपर, नैपकिन आदि)

सिंगल यूज पॉलीथीन को 'ना', कपड़े के थैले को 'हाँ': सीएमओ ने सिंगल यूज पॉलीथीन को पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक बताते हुए इसके पूर्ण बहिष्कार की अपील की। उन्होंने व्यापारियों को इसके स्थान पर कागज या कपड़े के थैलों का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया।

निधन : लंबोदर तिवारी

जगदलपुर/नवप्रदेश। उत्कल ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष लम्बोदर प्रसाद तिवारी (88) का 16 मई शनिवार शाम लगभग 4 बजे निवास स्थान में निधन हो गया। लम्बोदर तिवारी जी अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार दो पुत्र, 4 पुत्री समेत पोतेपोती से भरा परिवार छोड़ गए। वे संजय व तरुण तिवारी के पिता थे। अंतिम संस्कार देर शाम साढ़े 7 बजे खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

मोदी के नए फरमान पर बस्तर में बढ़ी चिंता, परिवहन पर संकट की आशंका

■ पूर्व विधायक ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

जगदलपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया फैसलों को बस्तर के परिवहन व्यवसाय के लिए बड़ा खतरा बताते हुए इसे ÷तुगलकी फरमान÷ करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्र की परिस्थितियों की पूरी तरह अनदेखी की है, जिसका सीधा असर यहां के परिवहन व्यवसाय और आम जनता पर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि बस्तर की अर्थव्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियां काफी हद तक परिवहन व्यवस्था पर निर्भर हैं। यहां माल परिवहन मुख्य रूप से ट्रकों के माध्यम से होता है और डीजल की अधिकतम सीमा निर्धारण जैसे फैसलों से परिवहन व्यवसायियों की चिंता बढ़ गई है। लोगों को आशंका है कि आने वाले दिनों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में और बढ़ोतरी होगी, जिससे महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है।रेखचंद जैन ने कहा कि वर्ष 2017-18 में भाजपा सरकार के दौरान बस्तर परिवहन संघ के कार्यालय पर ताला लगा दिया गया था तथा पदाधिकारियों को प्रताड़ित किया गया था। बाद में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयासों से वर्ष 2018-19 में संघ का ताला खुल सका, जिससे व्यवसाय से जुड़े लोगों को राहत मिली थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान परिस्थितियों में फिर से परिवहन क्षेत्र संकट की ओर बढ़ रहा है।

पूर्व विधायक ने कहा कि पहले से बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि बस्तर में परिवहन अब घाटे का सौदा बनता जा रहा है और आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आम जनता की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया।

हर मोर्चे पर विफलता का आरोप

रेखचंद जैन ने कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और हर समस्या के लिए बाहरी परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक, रुपये की गिरती स्थिति और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता को यह बताया जाना चाहिए कि महंगाई रोकने के लिए केंद्र सरकार ने कौन से ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की फ्रमोदी गारंटीफ्र के कई वादे अब तक अधूरे हैं।

युवा कल्याण की बड़ी पहलः बस्तर अंचल में खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर अंचल में खेल प्रतिभाओं को नई दिशा देने की दिशा में खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने बड़ी पहल शुरू कर दी है। जगदलपुर में एथलेटिक्स,फुटबॉल एवं आर्चरी के बालक वर्ग के लिए प्रथम आवासीय खेल अकादमी इसी वित्तीय वर्ष में प्रारंभ करने की तैयारी तेज कर दी गई है। अकादमी संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं और अधोसंरचनाओं का जायजा लेने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम शनिवार को जगदलपुर पहुंचीं। दौरे के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध आवास, भोजन,चयन ट्रायल प्रक्रिया,विद्यालय सुविधा,वाहन व्यवस्था, खेल सामग्री एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। खेल अधिकारी सुशांत पाल से विस्तृत चर्चा करते हुए अकादमी संचालन की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बस्तर के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों ने सीखी गणित और गर्मी से बचाव की कला

■ प्राकृतिक सामग्रियों से आसान हुई गणित की समझ

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के 126 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए आयोजित विशेष गतिविधि सत्र में सीखने और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला। 'तितली संस्था' के सहयोग से आयोजित इस पहल में बच्चों ने खेल-खेल में गणित के बुनियादी सिद्धांतों को समझा,वहीं गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य सुरक्षा से जरूरी जानकारियां भी हासिल कीं।

गतिविधि के दौरान बच्चों को पारंपरिक शिक्षण पद्धति से अलग प्रकृति के करीब ले जाया गया। बच्चों ने पेड़ों के पत्तों, कंकड़-पत्थरों और बालू जैसी प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करते हुए गिनती, जोड़ और घटाव सीखा। इन गतिविधियों ने बच्चों की गणना क्षमता को मजबूत आधार देने के साथ पढ़ाई को भी रोचक बना दिया। बच्चों ने सामग्रियों को इकट्ठा कर, गिनकर और आपस में बांटकर संख्याओं की समझ विकसित की, जिससे सीखने की प्रक्रिया सहज और आनंददायक बन गई। सत्र के दूसरे चरण में बच्चों को गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सहज संवाद के माध्यम से बच्चों को बताया गया कि तेज धूप शरीर को किस तरह प्रभावित करती है तथा इस मौसम में पर्याप्त पानी पीना,हल्के और सूती कपड़े पहनना जैसी सावधानियां क्यों जरूरी हैं। सीखने की प्रक्रिया को और अधिक रोचक बनाने के लिए बच्चों ने रंगीन कागजों से हाथ के पंखे तैयार किए। इस गतिविधि में बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह साफदिखाई दिया। विशेषज्ञों के अनुसार बस्तर जैसे क्षेत्रों में इस प्रकार की व्यावहारिक और मनोरंजक गतिविधियां बच्चों के भीतर सीखने की रुचि बढ़ाने के साथ उनकी कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास को भी मजबूत करती हैं।

बच्चों के लिए सीखने को आसान और आनंदमय बना

बस्तर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित यह गतिविधि बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आई। प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से गणित की शिक्षा, मौसम के प्रति जागरूकता और कला गतिविधियों का समावेश बच्चों के लिए सीखने को आसान और आनंदमय बना गया। बच्चों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने यह साबित किया कि जब शिक्षा में खेल,रचनात्मकता और व्यवहारिक ज्ञान को जोड़ा जाता है,तब सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और स्थायी बन जाती है।

नाम-परिवर्तन

मैं (N SUNDAR and NAMASIVAYAM SUNDAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र (Late K NAMASIVAYAM) ग्राम / शहर - (Flat No 332, GULMOHAR APARTMENT TALPURI BHILAI, DISTRICT DURG, (C.G) छत्तीसगढ़ ने अपना नाम (N SUNDAR and NAMASIVAYAM SUNDAR) (पुराना नाम) से बदल कर (SUNDAR NAMASIVAYAM) नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
N SUNDAR and NAMASIVAYAM SUNDAR
पिता (Late K NAMASIVAYAM)
पता (Flat No 332, GULMOHAR APARTMENT TALPURI BHILAI, DISTRICT DURG, (C.G)

नाम-परिवर्तन

मैं एमओ सारिक (MO SARIK) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र अब्दुल वारिस,, निवासी- मकान नं.- 562, गांधी नगर वार्ड नं.- 39, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम एमओ सारिक (MO SARIK) (पुराना नाम) से बदल कर शारीक खान (Sharik Khan) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
एमओ सारिक
सुपुत्र अब्दुल वारिस
निवासी- मकान नं. 562, गांधी नगर वार्ड नं.- 39, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं तापस (TAPAS) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र स्व. देवीदास भट्टाचार्य, निवासी- मकान नं.- 181, लोटस, सिटी फेज-4 परसदा रोड, केवल्य धाम, कुम्हारी, पहंदा (परसदा) जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम तापस (TAPAS) (पुराना नाम) से बदल कर तापस भट्टाचार्य (TAPAS BHAT-TACHARYA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
तापस सुपुत्र स्व. देवीदास भट्टाचार्य, निवासी- मकान नं. 181, लोटस, सिटी फेज-4 परसदा रोड, केवल्य धाम, कुम्हारी, पहंदा (परसदा) जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं जीतेशरी (JITESHARI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्री किशन लाल, निवासी- ग्राम-बेलोदी, पोस्ट-मर्रा, तहसील पाटन जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ ने अपना नाम जीतेशरी (JITESHARI) (पुराना नाम) से बदल कर जीतेश्वरी (JITESHWARI) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
जीतेशरी
सुपुत्री किशन लाल
निवासी- ग्राम-बेलोदी, पोस्ट-मर्रा, तहसील पाटन
जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)

नाम-परिवर्तन

मै भानमती (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी बाबूलाल निवासी:- मलपुरीकला पोस्ट ओटेबंद तहसील अहिवारा थाना नंदिनी जिला दुर्ग छ.ग. ने अपना नाम (पुराना नाम) भानमती (BHANMATI) पिता बाबूलाल (BABU LAL) से बदलकर भाना बाई वर्मा (BHANA BAI VERMA) पति देवनाथ वर्मा (DEVNATH VERMA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
भानमती
सुपुत्री/पत्नी बाबूलाल
निवासी मलपुरीकला पोस्ट ओटेबंद तहसील अहिवारा थाना नंदिनी जिला दुर्ग (छ.ग.)

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिक्षा सहित हर क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली गति: श्रवण

- **भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी सोच से गांवों में शिक्षा सुविधाएं मजबूत हो रही हैं: अरुण सार्वा**
- **लखनपुरी में 22.96 लाख रुपए की लागत से नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न**

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनपुरी एवं आश्रित ग्राम बम्हनीनभरी में 22.96 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। नवीन शाला भवन निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल सहित हर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवीन स्कूल भवनों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि बच्चों को सुविधाजनक वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि गांवों के बच्चों को भी शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों।

विशिष्ट अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील सोच के कारण गांव-गांव तक विकास कार्य पहुंच रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देते हुए नए स्कूल भवनों का निर्माण, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार किया जा रहा है। लखनपुरी एवं बम्हनीनभरी के बच्चों के लिए यह नवीन प्राथमिक शाला भवन भविष्य में काफी लाभकारी साबित होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत लखनपुरी की सरपंच श्रीमति रेखा बाई मरकाम ने की। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमति

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात

नगरी/सिहावा/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-56 में सड़क, पुल एवं पुलिया निर्माण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि उनके अनुसंशा पर शासन द्वारा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित मार्ग एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है, जिससे ग्रामीण अंचल के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासी इन कार्यों की मांग कर रहे थे, जिसकी स्वीकृति मिलने से विकास को नई गति मिलेगी।स्वीकृत प्रमुख कार्यों में सिहावा-बोराई मार्ग, दुधावा-मुरुमसिल्ली-बनरौद मार्ग, चुरियापारा-हरदीभाठा-देवपुर मार्ग, नगरी-बासीन मार्ग तथा बिरगुड़ी से सिहावा मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा नगरी-धमतरी मुख्य मार्ग पर बांसपारा एवं सियादेही में पुलिया निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। वहीं देवपुर-देऊरपारा-श्रृंगी ऋषि पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण तथा सिहावा-बोराई मार्ग में क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नवीन पुल निर्माण कार्य को भी मंजूरी मिली है।

न्यूज गैलरी

वट सावित्री व्रत पर श्रद्धा और भक्ति में डूबा छुईखदान

छुईखदान/नवप्रदेश। वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर पूरा छुईखदान नगर धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। नगर के डीपरा पारा स्थित पुराने थाना परिसर के प्राचीन वट वृक्ष एवं बड़े तालाब के पास स्थित वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिन महिलाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धाभाव के साथ वट सावित्री व्रत का पालन करते हुए पति की लंबी आयु, परिवार की सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की।सुबह से ही महिलाएं पूजा की थाली, फल-फूल, धूप-दीप, अगरबत्ती, कलश एवं अन्य पूजन सामग्री लेकर वट वृक्षों के पास पहुंचने लगी थीं। देखते ही देखते पूजा स्थलों पर बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ जुट गई और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधा तथा 108 बार परिक्रमा कर परिवार की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। श्रद्धा, भक्ति और परंपरा से जुड़े इस पर्व ने नगर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत की।पूजा के दौरान प्रमुख रूप से शशि तिवारी, लक्ष्मी तिवारी, निधि तिवारी, दीप्ति तिवारी, मनीषा शुक्ला, श्यामा तिवारी, अंजू तिवारी, श्रद्धा वैष्णव, दिशा जैन, चेतना चंद्राकर, उषा चंद्राकर, प्रज्ञा चंद्राकर, पूर्वा चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रजमत चंद्राकर, पूर्णिमा चंद्राकर एवं धनेश्वरी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए पार्षद निधि शैलेंद्र तिवारी द्वारा पूजा में शामिल महिलाओं के लिए शरबत वितरण की व्यवस्था की गई, जिसकी महिलाओं ने सराहना की।

अंबेडकर चौक की शराब दुकान बंद कराने कलेक्टर से लगाई गुहार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के अंबेडकर चौक स्थित शासकीय प्रीमियम शराब दुकान को तत्काल बंद कराने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपा गया है। आवेदन में कहा गया है कि जिस निजी भूमि पर शराब दुकान संचालित की जा रही है, उसका अनुबंध अब समाप्त हो चुका है और भूमि स्वामी अब अपनी जमीन शराब दुकान संचालन के लिए उपलब्ध नहीं कराना चाहता।आवेदनकर्ता ने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में शिक्षा, समानता, जागरूकता और सामाजिक उत्थान के मूल्यों को स्थापित करने का कार्य किया। ऐसे में उनके नाम से जुड़े महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल के पास शराब दुकान का संचालन उनकी विचारधारा के विपरीत है।

सुशासन तिहार: जिला प्रशासन के अफसर बस से पहुंचे शिविर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए पेट्रोल -डीजल की मितव्ययिता एवं संसाधनों का बेहतर उपयोग हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शनिवार को जिला अधिकारियो ने सामूहिक रूप से एक बस में सवार होकर विकासखंड पलारी अंतर्गत समाधान शिविर कुसमी पहुंचे। प्रशासन की पहल एवं अधिकारियो की सादगीपूर्ण व्यवहार ने लोगों को प्रेरक सन्देश दिया। सभी अधिकारी पहले कलेक्टोरेट परिसर में एकत्रित हुए। इसके पश्चात यहां खड़ी बस में सहर्ष सवार हुए और बस अधिकारियो को लेकर कुसमी शिविर के लिये रवाना हुई।

घुमका चुनाव: रमेश डाकलिया और हेमंत वैष्णव कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त

राजनांदगांव/घुमका/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ने घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के चयन हेतु वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार पूर्व निगम अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रमेश डाकलिया जी तथा पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व ब्लॉक युवक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री हेमंत वैष्णव जी को घुमका नगर पंचायत चुनाव हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने और जर्जर भवन डिस्मेंटल करने के दिए निर्देश

संभागायुक्त-कलेक्टर ने छुरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

- **प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा**
- **गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश**

छुरिया/नवप्रदेश। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के मद्देनजर छुरिया विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जनपद पंचायत कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री राठौर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के महिला वार्ड, पुरूष वार्ड, नवजीवन कक्ष एवं प्रसूति कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में साफ सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही परिसर स्थित जर्जर आवासीय भवन को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए, जिससे परिसर का विस्तार किया जा सके और बेहतर सुविधाएं विकसित हो सके। संभागायुक्त श्री राठौर ने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शीघ्र बाउंड्रीवाल निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने तथा विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया नये भवन में शिफ्ट होने पर स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जनसामान्य को मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकेंगे।

संभागायुक्त श्री राठौर ने जनपद पंचायत कार्यालय छुरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत क्षेत्र में संचालित निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शाखा का निरीक्षण कर योजना की प्रगति की जानकारी ली।

अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत क्षेत्र में अब तक लगभग 10 हजार 300 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए गया हैं। संभागायुक्त ने शेष आवासों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों के जियोटैग की ऑनलाइन मॉनिटरिंग कर पोर्टल में दर्ज प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने सभी आवासों का जियोटैग समय पर पूर्ण करने और ऑनलाइन प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर निर्माण कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने कहा, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे और समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके।

सुशासन तिहार बना जनता और प्रशासन के बीच मजबूत कड़ी

छुईखदान/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत छुईखदान के मंगल भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। शिविर स्थल पर पहुंचते ही उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल एवं सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी ली। शिविर को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर शासन और जनता के बीच मजबूत सेतु का कार्य कर रहे हैं, जहां आम नागरिक सीधे प्रशासन के समक्ष अपनी बात रख पा रहे हैं। कार्यक्रम को जिला भारतीय जनता पार्टी महामंत्री नवनीत जैन एवं मंडल भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष भावेश कोचर ने भी संबोधित किया। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए लोगों से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।इस अवसर पर ज्ञान यादव, पन्ना मंडावी, अनुभा जैन, संजू जैन, पंचम साहू, सुरेंद्र तिवारी, रामकुमार यादव, राजेन्द्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुलदीप झा, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

पद्मश्री फूलबासन से मिलने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सुरक्षा के दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने मंगलवार को ग्राम चवेली पहुंचकर पद्मश्री फूलबासन यादव से मुलाकात की और हाल ही में उनके साथ हुई दुखद एवं अप्रिय घटना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने फूलबासन यादव का कुशलक्षेम जाना और उनकी सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पद्मश्री फूलबासन यादव के साथ हुई यह घटना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की सक्रियता और तत्परता के कारण उनका जीवन सुरक्षित रह सका। उन्होंने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएं।डॉ. रमन सिंह ने आत्मीय बातचीत के दौरान कहा कि पद्मश्री फूलबासन यादव प्रदेश में महिला स्वसहायता समूहों की लाखों महिलाओं को संगठित कर उन्हें रोजगार से जोडऩे का सराहनीय कार्य कर रही हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली महिला के साथ ऐसी घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन समय रहते स्थिति संभल गई। उन्होंने फूलबासन यादव का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे आगे भी इसी समर्पण भाव से समाज और ग्रामीण विकास के लिए कार्य करती रहें। सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है और आवश्यकता पडऩे पर हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना-

विधानसभा अध्यक्ष ने घटना के बाद पुलिस विभाग द्वारा की गई त्वरित एवं सक्रिय कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया, जिसकी वजह से स्थिति नियंत्रण में रही। पद्मश्री फूलबासन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने घटना के बाद पुलिस विभाग द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि पुलिस ने समय पर कार्रवाई कर भरोसा कायम किया है।

उन्होंने कहा कि वे आगे भी गांवों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेंगी।

आमदनी दोगुनी करने का वादा भूली सरकार किसान आज भी परेशान: धनेंद्र

नवापारा राजिम। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने धान के समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को केवल घोषणाओं, आंकड़ों और प्रचार के माध्यम से भ्रमित किया जा रहा है, जबकि उनकी वास्तविक समस्याओं और खेती की बढ़ती लागत की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के बजाय केवल राजनीतिक लाभ लेने में लगी हुई है।धनेंद्र साहू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में मात्र 72 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि करना किसानों के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खाद, बीज, डीजल, मजदूरी, सिंचाई एवं कृषि यंत्रों के खर्च में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसी परिस्थिति में एमएसपी में इतनी मामूली वृद्धि किसानों के घाव पर मरहम नहीं बल्कि उनके साथ मजाक है।उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि जब-जब समर्थन मूल्य बढ़ा, तब किसानों को अतिरिक्त राशि जोड़कर भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने की जो घोषणा की गई थी, उसमें पिछले वर्ष और इस वर्ष के समर्थन मूल्य अंतर की राशि शामिल नहीं की गई। यदि दोनों वर्षों की अंतर राशि को जोड़ा जाए तो किसानों को लगभग 3358 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान मिलना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों को पूरी घोषित राशि का भुगतान करे।

पूर्व मंत्री ने खेती की लागत बढ़ने के लिए डीजल संकट और उर्वरकों की कमी को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष डीजल की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है और उसके दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं।

सौगात: शिक्षा, खेल एवं सामाजिक सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

26 लाख के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

भाटापारा / नवप्रदेश। नगर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं शक्ति वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा तथा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ?16 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं बास्केटबॉल ग्राउंड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ खेल गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इसके साथ ही शक्ति वार्ड में ?10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। यह भवन क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा तथा स्थानीय नागरिकों को एक बेहतर सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध कराएगा।

कुल ?26 लाख की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों से क्षेत्र में शिक्षा, खेल एवं सामाजिक अधोसंरचना को नई मजबूती मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, वार्डवासी, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। शिक्षा, खेल एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं ताकि युवाओं एवं विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास वहां की शैक्षणिक एवं सामाजिक व्यवस्था की मजबूती पर निर्भर करता है और भाटापारा क्षेत्र निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है।उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में भाटापारा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा तथा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। श्री शर्मा ने नागरिकों से विकास कार्यों में सहभागिता एवं सहयोग बनाए रखने की अपील भी की।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि नगर पालिका परिषद नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा युवाओं को खेल सुविधाएं देना नगर के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

शनि देव जन्मोत्सव पर ग्राम खोपली में हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

बागबाहरा/नवप्रदेश। शनि देव जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम खोपली में शनिवार को भव्य पूजा-अर्चना एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शनि देव के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम के मुख्य पुजारी हरिलाल बैरागी एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में पूजा-पाठ, दीप प्रज्ज्वलन एवं शनि देव की विशेष आरती का आयोजन हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपए पर पहुंचा

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख शहरों में शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी सरकारी तेल कंपनियों द्वारा कीमतों में प्रति लीटर 3 रुपए से अधिक की नई वृद्धि की घोषणा के बाद हुई है। यह फैसला वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में हो रही वृद्धि और पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से जुड़ी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच लिया गया है।

इस बदलाव के बाद, हैदराबाद में पेट्रोल की कीमतें बढ़कर 110.89 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि तिरुवनंतपुरम में डीजल की दरें 99.63 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गईं।कीमतों में यह ताजा बढ़ोतरी मई 2022 के बाद ईंधन की कीमतों में पहला बड़ा बदलाव है। उस समय अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद पेट्रोल और डीजल की दरें ज्यादातर अपरिवर्तित रखी गई थीं। तेल विपणन कंपनियों ने इस बदलाव का मुख्य कारण कच्चे तेल की खरीद और रिफाइनिंग की बढ़ती लागत से होने वाले बढ़ते नुकसान को बताया है।देश भर में पेट्रोल की कीमतों में 3 रुपए से लेकर 3.46 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई, जबकि राज्यों और स्थानीय टैक्स के आधार पर डीजल की कीमतें 3 रुपए से 3.56 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ गईं।राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमतें 3 रुपए बढ़कर 97.77 रुपए प्रति लीटर हो गईं, जबकि इसी तरह की बढ़ोतरी के बाद डीजल की कीमतें बढ़कर 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गईं।मुंबई के लोगों को अब पेट्रोल के लिए 106.64 रुपए प्रति लीटर देने होंगे, जिसमें 3.10 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, डीजल की कीमतें 3.11 रुपए बढ़कर 93.14 रुपए प्रति लीटर हो गई हैं।कोलकाता में पेट्रोल की कीमतें 108 रुपए के पार हो गई और 108.74 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई, जबकि डीजल की कीमत बढ़कर 95.13 रुपए प्रति लीटर हो गई। चेन्नई में ताजा बदलाव के बाद पेट्रोल की कीमतें बढ़कर 103.67 रुपए प्रति लीटर और डीजल की दरें बढ़कर 95.25 रुपए प्रति लीटर हो गईं।हैदराबाद में भारत के बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत सबसे ज्यादा बनी रही, जहां कीमतें 3.39 रुपए बढ़कर 110.89 रुपए प्रति लीटर हो गईं।शहर में डीजल की कीमतें भी बढ़कर 98.96 रुपए प्रति लीटर हो गईं।ईंधन की कीमतों के मामले में तिरुवनंतपुरम भी हैदराबाद के करीब रहा, जहां पेट्रोल की दरें 110.75 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गईं।केरल की राजधानी में डीजल की कीमतें 3.37 रुपए बढ़कर 99.63 रुपए प्रति लीटर हो गईं, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं।

अन्य बड़े शहरों में बेंगलुरु में कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। यहां पेट्रोल की कीमतें 3.25 रुपए बढ़कर 106.21 रुपए प्रति लीटर हो गई।

न्यूज गैलरी

आम आदमी की जेब पर फिर बढ़ेगा बोझ

नई दिल्ली। देश में महंगाई की मार झेल रही आम जनता को जल्द ही एक और बड़ा झटका लगने वाला है। शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये के इजाफे के बाद अब आगे भी राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले कुछ ही हफ्तों में पेट्रोल और डीजल के दामों में 10-10 रुपये प्रति लीटर तक की भारी बढ़ोतरी की जा सकती है। तेल कंपनियों की ओर से यह फैसला उनके लगातार बढ़ रहे घाटे की भरपाई के लिए लिया जा सकता है।एमके ग्लोबल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में दावा किया है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को मौजूदा घाटे से उबारने और उसे व्यवस्थित करने के लिए कीमतों में 10-10 रुपये का इजाफा करना लगभग तय है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि तेल के दामों में यह बड़ी बढ़ोतरी या तो एकमुश्त की जा सकती है, या फिर इसे अगले दो से तीन हफ्तों के भीतर लागू किया जा सकता है।लगातार बढ़ रही इन कीमतों का सीधा असर आम आदमी की रसोई और घरेलू बजट पर पड़ने वाला है। पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ घरेलू गैस सिलेंडर और दूध की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी के कारण आने वाले महीनों में खुदरा महंगाई दर में 0.42 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने भी इस बात की प्रबल आशंका जताई है कि ईंधन के महंगे होने से माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा, जिससे रोजमर्रा की हर जरूरी चीज महंगी हो जाएगी। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा समय में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को एक लीटर पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर 17 से 18 रुपये तक का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब केंद्र सरकार ने इसी साल मार्च के महीने में उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में 10-10 रुपये की कटौती कर राहत देने की कोशिश की थी। जानकारों का मानना है कि अगर जल्द ही कीमतों में पर्याप्त इजाफा नहीं किया गया, तो तेल कंपनियों को चालू तिमाही में 57,000 करोड़ रुपये से लेकर 58,000 करोड़ रुपये तक का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है।

कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते शेयर बाजार क्रैश, निवेशकों ने गंवाए 1.67 लाख करोड़

मुंबई। कमजोर वैश्विक बाजार संकेतों, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के कारण मुनाफावसूली की वजह से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार दिन के उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस तरह, घरेलू बाजार की दो दिन की लगातार बढ़त का सिलसिला शुक्रवार को समाप्त हो गया।बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 160.73 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 पर था, तो वहीं निफ्टी 50 46.10 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 23,643.50 पर पहुंच गया।दिन के दौरान, सेंसेक्स 75,497.10 पर खुलकर 75,870.36 का दिन का हाई छुआ तो वहीं 75,139.41 के इंट्रा-डे लो पर पहुंच गया। जबकि निफ्टी 50 23,731.40 पर खुलकर 23,839.30 के दिन के उच्चतम स्तर और 23,610.30 के निचले स्तर को छुआ।व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.45 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.61 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।सेक्टर के हिसाब से देखें तो निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी ऑयल एंड गैस में सबसे ज्यादा 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। वहीं, निफ्टी मीडिया (1.98 प्रतिशत की तेजी) और निफ्टी आईटी (1.30 प्रतिशत की तेजी) में सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी फार्मा में भी अच्छी तेजी देखी गई, वहीं निफ्टी ऑटो में मामूली तेजी देखी गई।

सेमीकंडक्टर प्लांट और तेल रिफाइनरी में ब्लास्ट से एक भारतीय समेत 4 की मौत

यूक्रेन का रूस पर 1000 ड्रोन से हमला सैन्य और ईंधन प्लांट को बनाया निशाना

मॉस्को/ए.। यूक्रेन ने शनिवार रात को रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 1 भारतीय मजदूर भी शामिल है। रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है।

दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हैं। अधिकारियों ने हमले की जगह का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की। अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। रूस के अधिकारियों ने बताया कि हमले में मॉस्को इलाके में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मॉस्को में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं।

एक और जहाज पहुंचा भारत, 20000 टन एलपीजी से लदा है टैंकर

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर आई है। पश्चिम एशिया संकट के बीच कतर से 20000 टन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर चला एक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण पहुंच गया है। मार्शल आइलैंड के ध्वज वाला पोत 'एमवी सिमी' कतर से रवाना हुआ था और 13 मई को होर्मुज पार करने के बाद शनिवार रात कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के खतरनाक रास्ते से गुजरकर आना जहाज के लिए आसान नहीं था।

ईरान के बाद क्यूबा पर अमेरिकी हमले का खतरा

हवाना (ए.)। अमेरिकी खुफिया एजेंसी के प्रमुख जॉन रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है।

महाराष्ट्र के लिए 8,368 करोड़ रुपए जारी किए

मुंबई। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के सतारा स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थी सम्मेलन एवं महा आवास अभियान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में 5 लाख पूर्ण ग्रामीण आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ किया, 5 लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपीं, और महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जयकुमार गोरे, पर्यटन, खननकर्म एवं माजी सैनिक कल्याण मंत्री तथा सतारा के पालकमंत्री शंभूराज देसाई, सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्रसिंह भोसले, मदद एवं पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव (पाटील), ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री योगेश कदम, तथा स्थानीय सांसद श्रीमंत छत्रपति उदयनराजे भोसले उपस्थित थे।

पाकिस्तानी क्रिकेटर ने जड़ा महिला टी20आई का सबसे तेज अर्धशतक

भारतीय बल्लेबाज का टूटा रिकॉर्ड

नईदिल्ली। पाकिस्तान महिला टीम के कप्तान फातिमा सना ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में इतिहास रच दिया है. उन्होंने 15 गेंद में फिफ्टी जड़ कर महिला टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. सना ने ये उपलब्धि कराची में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे ञ्20ढ्ढ मैच के दौरान हासिल की.इसके साथ 24 साल की सना ने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड और भारत की ऋचा घोष के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने 18-18 गेंदों में अपनी फिफ्टी बनाई थी.सना की जबरदस्त पारी से पहले, टी20आई में किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड निदा डार के नाम था, जिन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 गेंदों में यह कारनामा किया था.इसके अलावा सना ने महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली. उन्होंने 2022 में वारविकशायर के लिए मैरी केली और इसी साल न्यूजीलैंड के सुपर स्मैश टूर्नामेंट में ओटागो के लिए लॉरा हैरिस की उपलब्धि की बराबरी की. मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. फातिमा सना सिर्फ 19 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रहीं. अपनी इस पारी में उन्होंने 10 चौके और दो छक्के लगाए।

मिचेल मार्श तीसरा आईपीएल शतक जड़ने से चूके

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (90) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 11 और चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 21 गेंदों में पूरा किया। उनकी पारी से लखनऊ सुपर जायंट्स को मजबूत शुरुआत मिली और वह तेजी से लक्ष्य की ओर बढ़ी। इस पारी के लिए उन्हें

प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। लखनऊ सुपर जायंट्स को 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श और जोश इंग्लिश (36) की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में ही 86 रन जोड़ दिए। इसके बाद भी दोनों ने पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी निभाई। इससे पहले मार्श ने 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 38 गेंदों में 9 चौके और 7 छक्कों से 90 रन बनाकर आउट हुए। मार्श पावरप्ले के बाद 22 गेंदों पर 56 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके साथ ही वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए पावरप्ले में चौथा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस सूची में इंग्लिश (77* बनाम चेन्नई सुपरकिंग्स, 2026) पहले, मार्श (60* बनाम एमआई, 2025) दूसरे, मार्श (58* बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 2026) तीसरे नंबर पर हैं।

3 इडियट्स 2 पर आमिर खान ने शुरू किया काम

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने जब से 3 इडियट्स 2 की पुष्टि की है, तब से फैंस इसके अपडेट के बारे में बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अब खबर आई है कि आमिर खान ने 2009 की फिल्म 3 इडियट्स के सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है.

बॉलीवुड के मेगास्टार आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 3 इडियट्स का सीक्वल आने की खबर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था. आईएएनएस को एक सूत्र ने बताया है कि आमिर खान ने 2009 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया है। यह प्रोजेक्ट अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है, और यह पक्का हो गया है कि ओरिजिनल तिकड़ी यानी आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में अपनी पुरानी भूमिकाएं दोहराते हुए नजर आएंगे।

आकाश ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ किया सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का प्रदर्शन

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए। ये खिलाड़ी आईपीएल 2026 में अपना पहला ही मुकाबला खेल रहा था। उनकी घातक गेंदबाजी के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स का शीर्षक्रम रन बनाने में पूरी तरह से विफल रहा। ऐसे में आइए इस खिलाड़ी के आंकड़े और करियर पर एक नजर डाल लेते हैं। आकाश ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 26 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 6.50 की रही। इस खिलाड़ी ने संजू सैमसन (20), रुतुराज गायकवाड़ (13) और खतरनाक उर्विल पटेल (6) को अपना शिकार बनाया। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के शीर्षक्रम के पहले 3 बल्लेबाजों को आउट किया। इससे चेन्नई सुपरकिंग्स को मैच में जोरदार शुरुआत नहीं मिल पाई।

कार्तिक ने जड़ा इस संस्करण में अपना दूसरा अर्धशतक

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 59वें मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाज कार्तिक शर्मा ने अर्धशतकीय पारी (71) खेली। ये उनके आईपीएल करियर का दूसरा ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 35 गेंदों में पूरा किया। इस संस्करण चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाड़ी का ये दूसरा पचासा रहा। उनकी शानदार पारी के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 187/5 का स्कोर बनाया। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर नजर डालते हैं। कार्तिक ने 42 गेंदों का सामना किया और 71 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 169.05 की रही। डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर इस खिलाड़ी ने 44 गेंदों में 70 रन की साझेदारी निभाई। इसके अलावा शिवम दुबे के साथ उन्होंने सिर्फ 8 गेंदों में 20 रन जोड़ दिए थे।

अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने मशहूर इंटरनेशनल डांस शो को कहा अलविदा

अमेरिकी मूल का मशहूर अंतरराष्ट्रीय डांस रियलिटी शो सो यू थिंक यू कैन डांस अपने 18 सीजन के बाद आधिकारिक तौर पर बंद होने जा रहा है। मंगलवार को अभिनेत्री लॉरेन गॉटलिब ने शो के खत्म होने का दुख जाहिर करते हुए एक पोस्ट शेयर की। दरअसल, अभिनेत्री लॉरेन ने सो यू थिंक यू कैन डांस सीजन 3 से प्रसिद्धि हासिल की थी, जिस वजह से यह शो उनके बेहद करीब है।

अभिनेत्री ने शो के दौरान का पुराना वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। अभिनेत्री ने शो के बंद होने को एक दौर का अंत बताया। उन्होंने लिखा, सो यू थिंक यू कैन डांस 18 सीजन के बाद खत्म हो गया है। साल

2007 में मैं शो में गई थी। उस समय मैं महज 18 साल की लड़की थी और एरिजोना से उस शो में डांस के लिए गई थी। तब मैंने सोचा भी नहीं था कि यह शो मेरी जिंदगी पूरी तरह से बदल देगा। मैं बस अपने सीजन का हिस्सा होने के बाद कई बार ऑल-स्टार सीजन्स में वापस आती रही थी। इतने सालों में यह शो मेरे लिए दूसरे घर जैसा था।

अभिनेत्री ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि यह शो उनके करियर को इतनी बड़ी दिशा देगा।

उन्होंने लिखा, यह शो उस समय पूरी दुनिया में देखा जाता था, जिस वजह से रेमो डिसूजा ने मुझे देखा और अपनी फिल्म एबीसीडी के लिए चुना और बस डांस की वजह से मेरी एक ग्लोबल यात्रा शुरू हो गई।

उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए लिखा, 19 साल बाद ऐसे पल आते हैं, जो दिल को छू लेते हैं। दो दिन पहले ही एक फ्लाइट अटेंडेंट ने मुझे रोककर कहा था कि सो यू थिंक यू कैन डांस के समय मैं उन्हें बहुत पसंद थी। डांस भाषा, सरहदों और हर उस दीवार से ऊपर होता है जो हमें अलग करने की कोशिश करती है।

डांस सीधे दिल तक पहुंचता है और यही काम इस शो ने दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ किया। उन्होंने शो से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, कास्ट, क्रू, कोरियोग्राफर्स, जजेस, हमारे माता-पिता और सभी फैंस, आप सभी का शुक्रिया। उन यादों और उन पलों के लिए धन्यवाद, जिन्होंने हमारी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी।

नई फिल्मों की भीड़ के बीच भी राजा शिवाजी ने 15वें दिन की अच्छी कमाई

ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म को रितेश देशमुख ने लिखा, निर्देशित किया और इसमें अभिनय भी किया है. फिल्म ने भारत में महज दो हफ्तों में 75 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अब ये तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं राजा शिवाजी ने रिलीज के तीसरे फ्राइडे यानी 15वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

राजा शिवाजी ने बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्तों तक गदर परफॉर्म किया है. इस दौरान टिकट खिड़की पर इस फिल्म की हुकूमत

देखी गई. लेकिन रिलीज के तीसरे हफ्ते में एंट्री करते ही इसे आयुष्मान खुराना की पति पत्नी और वो के अलावा संजय दत्त की आखिरी सवाल से मुकाबला करना पड़ा है. हालांकि ये नई फिल्में राजा शिवाजी का क्रेज कम नहीं कर पाई हैं इसी के साथ इस फिल्म ने 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे भी अच्छी कमाई की है.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो राजा शिवाजी ने पहले हफ्ते में 52.65 करोड़ की कमाई की थी. वहीं दूसरे हफ्ते इस फिल्म की कमाई 24.30 करोड़ रुपये रही है. अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक राजा शिवाजी ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे को 1.45 करोड़ की कमाई की है।

मेंटेनेंस के दावों के बावजूद 24 घंटे से अधिक गुल रही बिजली, गर्मी से बेहाल रहे लोग

पहली आंधी में ही खुली बिजली विभाग की पोल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। गर्मी के बीच शनिवार शाम आई पहली तेज आंधी ने बिजली विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई। नगर के करिया टोला, सेवता पारा वार्ड, कुम्हार पारा समेत कई इलाकों में शनिवार शाम करीब 6 बजे से बिजली गुल हो गई, जो रविवार दिनभर भी सुचारू रूप से बहाल नहीं हो सकी लगातार 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली प्रभावित रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा भीषण गर्मी और उमस के कारण लोग रातभर जागने को मजबूर रहे घरों में पंखे, कूलर और पानी की मोटर बंद रहने से स्थिति और खराब हो गई।

मेंटेनेंस पर उठे सवाल: स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग द्वारा नियमित मेंटेनेंस और सुधार कार्य के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही आंधी में पूरी व्यवस्था ठप हो गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली लाइनों और उपकरणों का सही रखरखाव किया गया होता तो इतनी बड़ी समस्या उत्पन्न नहीं होती।

ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बहुत खराब

नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली संकट गहराया रहा ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय तक बिजली नहीं रहने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई और मोबाइल तक चार्ज नहीं हो सके। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी जल्द सुधार की मांग क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से व्यवस्था सुधारने, मेंटेनेंस कार्य को प्रभावी बनाने तथा शिकायतों के त्वरित समाधान की मांग की है ताकि भविष्य में आंधी या बारिश के दौरान लोगों को इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नहीं उठाया फोन

इस संबंध में जेई श्रीकांत को जानकारी लेनी चाही गई तो फोन रिसीव ही नहीं किया गया।

फोन बंद, नहीं मिला संतोषजनक जवाब

बिजली बंद होने के बाद उपभोक्ता लगातार विभागीय कर्मचारियों और कार्यालय के नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास करते रहे, लेकिन अधिकांश नंबर बंद मिले इससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई। कई लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज कराने और जानकारी लेने के बावजूद उन्हें केवल 'फॉल्ट सुधार कार्य जारी है' कहकर आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

आंधी तूफान से कई पेड़ बिजली वायर व टिन तूफान की भेट चढ़े

बिजली बंद होने से नागरिक हुए हलाकान

भाटापारा/नवप्रदेश। पिछले एक सप्ताह के भीतर बीती रात्रि नगर मे आये भारी तूफान व आंधी से अनेक पेड़ बिजली वायर व टिन तूफान की भेट चढ़ गए,जिससे बिजली प्रदाय व्यवस्था लगभग 6 से 7 घंटे तक बाधित रही जिसके फ्लस्वरूप लोग मच्छरो से रात भर परेशान होते रहे।

इस बीच शहर मे लगभग 50 से अधिक स्थानो पर विद्युत तार के उपर पेड़ गिरने अनेक स्थानो पर खंभा गिरने तथा कई स्थानो पर ट्रांसफार्मर गिरने एवं सैकड़ो स्थानो पर पोस्टर बैनर गिरने विभिन्न दुकानो के बोर्ड के अलावा कच्चे मकानो के छप्पर टिन व तारपोलिन के आंधी में उड़ जाने से जन सामान्य को भारी मुसीबतो का सामना करना पड़ा है। लोग शुक्रवार को अपने उड़े हुये आसियाने को सवारने मे जुटे रहे वही जगह जगह पेड़ के गिर जाने से अनेक रास्तो मे यातायात ठप रहा आंधी तूफान ने ऐसा कहर बरपाया है कि लोग सोचने पर मजबूर है कि आखिर वे आंधी तुफान एवं बिजली बंद की समस्या से कैसे निपटे। आंधी तूफान व कमजोर बारिश में किसानो के धान व सब्जी बाड़ी की पैदावार को भी भारी नुकसान पहुचा है जिसके कारण बाजार मे हरी सब्जियो के भाव आसमानी तेजी पर पहंच गये है।

शाह के बस्तर दौरे की तैयारियां तेज बादल अकादमी का किया निरीक्षण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों के प्रस्तावित दो दिवसीय बस्तर प्रवास को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने आसना स्थित बादल अकादमी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नेताओं ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा, मंच व्यवस्था, आगंतुकों की बैठने की व्यवस्था, आवागमन, पार्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफ्ल बनाने के लिए प्रशासनिक अमले को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।बस्तर प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ योगी आदित्यनाथ, मोहन यादव, पुष्कर सिंह धामी और विष्णु देव सै के भी शामिल होने की जानकारी है, जिसके चलते प्रशासन और भाजपा संगठन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

निरीक्षण के दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप,प्रमुख सचिव निहारिका बारिक,सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास भीम सिंह, कमिश्नर डोमन सिंह,आईजी सुंदरराज पी,कलेक्टर आकाश छिकारा,पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आसना स्थित बादल अकादमी में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था,मंच निर्माण, पार्किंग, पेयजल, बिजली, यातायात नियंत्रण और वीआईपी आवागमन को लेकर विशेष चर्चा हुई।

जलनी माता मेला उत्सव की तैयारियां तेज व्यवस्थाओं को लेकर बनी रणनीति

अघनपुर तेतरखुटी में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों ने लिया हिस्सा

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित जलनी माता गुड़ी अघनपुर तेतरखुटी में 25 मई 2026 को आयोजित होने वाले माता मेला उत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला आयोजन को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सफ्ल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों, समिति पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने आयोजन को लेकर अपने सुझाव भी रखे।

बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल की तैनाती एवं बैरिकेडिंग व्यवस्था करने, श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पेयजल टैंकर उपलब्ध कराने तथा मेला परिसर में साफ्सफई सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। भारी भीड़ को देखते हुए वाहनों की पार्किंग के लिए अलग स्थान चिन्हित करने का निर्णय भी लिया गया। इसके साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मंदिर एवं मेला क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई। मेले के सफ्ल संचालन के लिए स्वागत, प्रचार-प्रसार एवं प्रबंधन समितियों के गठन पर भी सहमति बनी, ताकि आयोजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। बैठक में छत्रपति शिवाजी वार्ड पार्षद श्याम सुंदर बघेल, गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा, जलनी माता गुड़ी समिति के अध्यक्ष गंगदेव यादव, पुजारी पीतांबर बघेल एवं सिरहा साधुराम बघेल सहित गोपाल पटेल, जयराम नाग, मनमोहन बघेल, रितेश कश्यप, दुर्जन नाग, श्रीनाथ कश्यप, सोन सिंह नाग, कमल सिंह बघेल, सुंदर बघेल, माटू बघेल, मोहन बघेल, दया बघेल, सोनाधार मौर्य, जोगेंद्र यादव, इतेन्द्र बघेल, किरण बघेल, उदय गोयल, गबरू बघेल और कौशल्या साहू सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी उपलब्ध रहेंगे मीडियेटर, 'समाधान समारोह' 21 अगस्त से

दुर्ग/नवप्रदेश। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से 'समाधान समारोह 2026' अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतिम चरण में 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लंबित मामलों के आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्वरित निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य पक्षकारों को मानवीय, प्रभावी और सहज न्याय उपलब्ध कराना है, ताकि लंबे समय से लंबित प्रकरणों का समाधान संवाद और समझौते के माध्यम से किया जा सके।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। जानकारी के अनुसार ग्रीष्मकालीन

अवकाश के दौरान भी मीडियेटर/मध्यस्थ उपलब्ध रहेंगे और मध्यस्थता की कार्यवाही जारी रहेगी। इससे पक्षकारों को मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी तथा अधिक से अधिक प्रकरण आपसी सहमति से निपटाए जा सकेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने आमजन, अधिवक्ताओं और पक्षकारों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए अपने लंबित मामलों के निराकरण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। विशेष लोक अदालत में पक्षकार अपनी सुविधा के अनुसार प्रत्यक्ष अथवा वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर समाधान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

सुशासन तिहार में उठी शराब दुकान खोलने की मांग, राजपुर-पगबंधी के आवेदन से मचा हड़कंप

धमधा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत ग्राम राजपुर में आयोजित सुशासन तिहार उस समय अचानक चर्चा का केंद्र बन गया, जब शिविर में शराब दुकान और शराब भट्ठी खोलने की मांग से जुड़े आवेदन सामने आए। आमतौर पर ऐसे आयोजनों में सड़क, बिजली, पानी, पेंशन, राशन और किसान समस्याओं से जुड़े आवेदन पहुंचते हैं, लेकिन इस बार मामला अलग होने के कारण पूरे कार्यक्रम में हलचल मच गई।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने मंच से ही आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलाकर शराब से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी मांगी। विधायक के सवाल पर आबकारी अधिकारी ने बताया कि विभाग को कुल दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें एक आवेदन ग्राम राजपुर तथा दूसरा ग्राम पगबंधी से मिला है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ये आवेदन शराब दुकान बंद कराने या शराबबंदी की मांग को लेकर नहीं, बल्कि गांव में शराब दुकान एवं भट्ठी खोलने की मांग के समर्थन में दिए गए हैं। यह जानकारी सामने आते ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों के बीच चर्चा शुरू हो गई और मामला पूरे क्षेत्र में सुर्खियों में आ गया।

मंच से विधायक ईश्वर साहू ने भी इस पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि यदि कहीं अवैध शराब बिक्री हो रही है तो लोग बिना डर प्रशासन को इसकी सूचना दें। विधायक के इस बयान के बाद माहौल और गंभीर हो गया। गौरतलब है कि धमधा क्षेत्र के कई गांवों में पूर्व में शराब दुकानों के विरोध में महिलाओं, ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों द्वारा आंदोलन किए जा चुके हैं। कई स्थानों पर शराबबंदी की मांग को लेकर प्रदर्शन भी हुए हैं।

ऐसे माहौल में सरकारी सुशासन शिविर में शराब दुकान खोलने की मांग वाले आवेदन सामने आना सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। अब पूरे क्षेत्र में यह सवाल उठ रहा है कि गांवों में शराब के खिलाफ आवाज ज्यादा बुलंद है या फ़िर कुछ लोग शराब बिक्री को वैध रूप दिलाने की कोशिश में जुटे हैं।

नशा कोई आदत नहीं, परिवार के खिलाफ अपराध

जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस और प्रबुद्धजनों ने नशे के सौदागरों को ललकारा

कुरुद/नवप्रदेश। नवागांव (उ) के अटल चौक पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस और समाज के प्रबुद्ध जनों ने नशे के सौदागरों और इसके आदी हो चुके युवाओं को सीधे शब्दों में ललकारा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रागिनी मिश्रा और टिकेश साहू ने बिना किसी लाग-लपेट के समाज का वो कड़वा सच सामने रखा, जिसे सुनकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें खुल गई। उन्होंने कहा कि यह स्लो पॉइजन है नशाः आज का युवा एक सिगरेट, एक पैग या एक नशीली गोली को 'कूल' समझकर शुरू करता है, लेकिन धीरे-धीरे वह अपनी नौकरी, इज्जत और पहचान सब कुछ दांव पर लगा देता है। घरेलू हिंसा की मुख्य जड़ः नशा इंसान से उसका दिमाग और तमीज छीन लेता है। जो व्यक्ति नशे में धुत होकर अपने ही मां-बाप, पत्नी और बच्चों पर हाथ उठाता है, वह अपने रिश्तों को खुद तबाह कर रहा है। मासूमों का अंधकारमय भविष्यः नशेड़ी माता-पिता बच्चों को न समय दे पाते हैं, न संस्कार। डर और तनाव के माहौल में पलने वाले ये बच्चे अक्सर भटककर खुद भी इसी दलदल में गिर जाते हैं। नशे की हालत में लोग सोचने-समझने की क्षमता खो देते हैं और एक गलत क्लिक या ऑनलाइन फ्रॉड के जरिए अपनी पूरी जमा-पूंजी गंवा बैठते हैं। युवा सरपंच टिकेश साहू ने कहा कि ÷गली-गली में बिकता जहर और युवाओं की मौत हो रही है।

रेत माफियाओं पर प्रशासन का शिकंजा, बस्तर में 4 वाहन जब्त

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर जिला खनिज जांच दल ने बेलगांव रेत घाट और बजावण्ड क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर अवैध परिवहन में लगे 4 वाहनों को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान

बिना वैध दस्तावेजों के रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर और दो हाईवा पकड़े गए,जिन्हें तत्काल पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। खनिज विभाग की टीम ने सभी वाहनों को खनिज सहित जप्त कर वाहन मालिकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दोषियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग अधिकारी शिखर चेरपा ने कार्रवाई के माध्यम से जिले के खनिज ठेकेदारों और परिवहनकर्ताओं को कड़ा संदेश दिया है कि बिना परिवहन पास के खनिज परिवहन करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। विभाग ने चेतावनी दी है कि दोबारा अवैध परिवहन या उत्खनन करते पाए जाने पर और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन के अनुसार जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए आगे भी लगातार विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

महाराष्ट्र मंडलः बुजुर्ग ने कहा- रावण ज्ञानी पर अहंकार में किया माता सीता का अपहरण

सियान गुड़ी में आध्यात्म और सामयिक विषयों पर बहस

रोचक पहेलियों के दिए बुजुर्गों ने जवाब, जीवन में हो राम जैसा व्यवहार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिकों के सियान गुड़ी में आध्यात्म और वर्तमान परिदृश्य को लेकर जोरदार चर्चा हुई। चर्चा में भगवान राम, रावण, कृष्ण, महर्षि वाल्मिकी और वर्तमान पर बुजुर्गों ने खुलकर विचार रखे। वहीं रोचक पहेलियों का जवाब भी बुजुर्गों ने उत्सुकता के साथ दिया। समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुदानित और महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित सियान गुड़ी के प्रभारी और महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया परिचय के दौरान लखनलाल साहू ने बताया कि वे घर पर अकेले रहते हैं। वहीं अन्य बुजुर्गों ने बताया कि वे परिवार के साथ रहते हैं, पर दोपहर में अकेले होने के कारण वे यहां आते हैं। खंगन ने बुजुर्गों से कहा कि यह सिर्फ पुरुषों के लिए नहीं, अपितु महिलाओं के लिए भी है। उन्होंने सभी से अपनी पत्नियों को भी लाने की आग्रह किया।

आध्यात्मिक चर्चा के दौरान कैलाश अग्रवाल ने कहा कि रावण के आगे विद्वान जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या वह वाकई में ज्ञानी थे, अगर थे तो आखिर क्यों उन्होंने माता सीता का अपहरण किया। दरअसल उन्होंने अहंकार में आकर सीता माता का अपहरण किया था। महर्षि वाल्मिकी के बारे में कहते हुए अग्रवाल ने कहा कि राम नाम की महिमा कितनी अपार है कि मरा-मरा कहते हुए डाकू रत्नाकर महर्षि वाल्मिकी बन गया और रामायण जैसे महाग्रंथ की रचना कर डाली। उन्होंने कहा कि जीवन में हमारा व्यवहार राम की तरह होना चाहिए। सियान गुड़ी आने वाले लखनलाल साहू ने बताया कि वह अकेले रहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल किसी की बात नहीं सुनते। बच्चे ही क्या, कोई किसी का कहना मानता नहीं है। बच्चों ने किसी भी चीज की मांग की और वह नहीं पूरी हुई, तो वह मारपीट पर उतर आते हैं। मां-बाप के ऊपर हाथ उठाते है। हमें समाज को इस दिशा में जाने से रोकने का प्रयास करना होगा।

बुजुर्ग केके पाठक ने एक बहस के दौरान भावनाओं में बहकरर कहा कि प्रधानमंत्री गो हत्या बंद करने को लेकर संसद में बिल क्यों नहीं लाते। दूसरे वरिष्?ठ नागरिक ने कहा कि भाषणों में कहना, वादा करना आसान होता है।

मंदोदरी की व्यथा, शकुनि की कुटिल चाल रंग यानिकी के मंच पर हुई जीवंत

महाराष्ट्र मंडल के साथ रंगभूमि ने अपनी 10वीं सालगिरह पर आयोजित किया 'रंग यानिकी'

रायपुर/नवप्रदेश। सीता सा है मेरा चरित्र और उर्मिला सा है मेरा समर्पण। मेरा प्रेम, त्याग, किसी भी तरह कम नहीं। मैं मन दो धरी, इसलिए कहलाई मंदोदरी। इस बेहतरीन डायलॉग डिलीवरी के साथ रंजना ध्रुव ने मंदोदरी की व्यथा को इतनी संवेदनशीलता से मंच पर प्रस्तुत किया कि रंगप्रेमी दर्शक बस देखते ही रह गए। बात हो रही है सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रंगभूमि की 10वीं सालगिरह पर आयोजित कार्यक्रम रंग यानिकी की। इस मौके पर वरिष्ठ रंगसाधक आचार्य रंजन मोड़क के निर्देशन में हिंदी और छत्तीसगढ़ी में अपनी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्म से जुड़ी कविताओं व लघु नाटिकाओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां हुई।

'मैं हूं शकुनि, क्योंकि जब मेरे स्वजनों को कुचला गया, तब मैंने धर्म की किताब पहनकर अपने बदलों की चालों में निपटा दिया। मेरी सबसे बड़ी जीत क्या थी? कौरवों की हार? पांडवों का विनाश? नहीं मेरी सबसे बड़ी जीत थी धर्म की भाषा बोलकर अधर्म करना।' चैतन्य मोड़क ने शकुनि के किरदार को इतनी जीवंतता से मंच पर उतारा कि लगा हमारे आसपास, समाज में ऐसे शकुनियों की कमी नहीं है। बिल्कुल इसी तीखे और आक्रामक अंदाज में सुषमा गायकवाड़ ने 'मैं हूं और मैं ही रहूंगी' की जानदार प्रस्तुति दी। सुषमा ने कहा कि लोग कहते है कि तुम राधा बनो, सीता बनो, मीरा बनो, तुम उर्मिला बनो, यशोधरा बनो, पर मैं हूं... मैं कोई और क्यों बनूं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com